


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 246

ग्वालियर, गुरुवार 26 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## कश्मीर मुद्दा गंभीर, लेकिन उस पर कोई बात नहीं करना चाहता: हिना रब्बानी


**दावोस।** पाकिस्तान की विदेश राज्यमंत्री मंत्री हिना रब्बानी खार ने कश्मीर के मुद्दे को ऐसा विषय करार दिया जिसके गंभीर होते हुए भी कोई उस पर बात नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष



पुराने मसले के समाधान के बिना दक्षिण एशिया को एक करने और व्यापार को बढ़ाने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 2022 के दक्षिण एशिया का रणनीतिक दृष्टिकोण सत्र के दौरान पूछे गए सवाल के जवाब में खार ने यह बयान दिया। चर्चा में शामिल एक सदस्य ने टिप्पणी की कि भारत अब पाकिस्तान से ज्यादा चीन के प्रति चिंतित है। इस पर खार ने कहा ?कि मैं चीन को जाहिर तौर पर एक नजदीकी पड़ोसी और बड़े क्षेत्र के हिस्से के तौर पर देखती हूं जिसके हम सब हिस्से हैं। इसके साथ ही मैं चीन के प्रति भारत के विरोध का समर्थन नहीं करती हूं, उसी प्रकार जैसे मैं किसी के भी प्रति विरोध का समर्थन नहीं करती। कश्मीर के मुद्दे पर उन्होंने कहा ?कि मैं उस विषय पर ज्यादा बात नहीं करूंगी क्योंकि यहां आर्थिक मुद्दों पर चर्चा हो रही है लेकिन यह विषय ऐसा है जिसके गंभीर होते हुए भी कोई उस पर बात नहीं करना चाहता।

# क्वाड की बैठक में जो बाइडेन ने की पीएम मोदी की जमकर तारीफ

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने टोक्यो में क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कोरोना महामारी से निपटने में चीन की विफलता के साथ भारत की सफलता की तुलना की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि जो बाइडेन ने कोविड-19 ÷सफलतापूर्वक और लोकतांत्रिक तरीके से÷ संभालने के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की। अधिकारी ने कथित तौर पर कहा कि बंद कमरे में हुई इस बैठक में उन्होंने महामारी से निपटने में चीन की विफलता के साथ भारत की सफलता की तुलना की। बाइडेन ने बैठक में कहा, %%यह मिथक है कि चीन और रूस जैसे निरंकुश लोग तेजी से बदलती दुनिया को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं क्योंकि उनका नेतृत्व लंबी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से गुजरे बिना निर्णय ले सकता है और लागू कर सकता है। पीएम



मोदी की सफलता ने दुनिया को दिखा दिया है कि लोकतंत्र इसे दूर कर सकता है और इसका भंडाफोड़ कर सकता है। अधिकारी के अनुसार, राष्ट्रपति जो बाइडेन की टिप्पणी इसलिए मीडिया में नहीं आई क्योंकि उन्होंने पहले से तैयार अपने बयान के बीच में ये बातें अलग से कही। आपको बता दें कि पीएम मोदी ने टोक्यो में क्वाड लीडर्स समिट के तुरंत बाद जो बाइडेन से मुलाकात की। रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा, ÷भारत जिस तरह से कोरोना के खिलाफ लड़ाई में सफल रहा उसकी सभी ने सराहना की। भारत के टीकाकरण अभियान की सभी ने सराहना की। आपको बता दें कि कोरोना महामारी के कारण भारत में अब तक 5.24 लाख लोगों की मौत हुई है। संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्राजील में भारत से अधिक लोगों की जानें गई हैं। पीएम मोदी की सरकार ने इस महीने की शुरुआत में जारी डब्ल्यूएचओ के अनुमान को खारिज कर दिया है कि पिछले साल तक महामारी के परिणामस्वरूप भारत में 47 लाख लोग मारे गए थे।

### क्वाड समिट में भाग लेने के बाद जापान से भारत लौटे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** क्वाड लीडर्स समित में भाग लेने के लिए जापान गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे को खत्म करने के बाद बुधवार को भारत वापस आ चुके हैं। आज सुबह-सुबह दिल्ली के पालम स्थित वायु सेना स्टेशन पर उनका विमान पहुंचा। क्वाड समिट में पीएम मोदी ने शत्रुता की समाप्ति, वार्ता और कूटनीति को फिर से शुरू करने की आवश्यकता पर भारत की सुसंगत और सैद्धांतिक स्थिति पर प्रकाश डाला। महिला ने सोचा और उसने पति की हत्या की प्लानिंग शुरू कर दी। एक दिन पर वह पति को दवा के लिए अस्पताल गई तो रास्ते में अपनी योजना को अंजाम दे दिया। हैरानी की बात यह है कि पुलिस को गुमराह करने के लिए कत्ल की घटना को उसने लूट की घटना की तरह बताया। डीएसपी सुखविंदर पाल सिंह ने बताया कि 5 मई की सुबह मंजीत सिंह अपनी पत्नी नरिंदर कौर के साथ ब्यास अस्पताल दवा लेने के लिए निकला था और वहीं रास्ते में यह घटना हुई। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि आरोपी महिला ने खुद को भी घायल कर लिया था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद मामले की जांच शुरू की। जांच में पुलिस के सामने महिला ने अपना कारनामा कुबूल कर लिया। पीएम मोदी ने क्वाड राष्ट्रों के नेताओं के साथ चौथी बातचीत में भाग लिया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों से उन्होंने चर्चा की। यूक्रेन में रूसी सैन्य कार्रवाई पर भी बात हुई। शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं ने एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी इंडो-पैसिफिक के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता और संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों को बनाए रखने के महत्व को दोहराया।

## स्कूल में भीषण गोलीबारी शूटर ने 18 मासूमों सहित 21 लोगों को उतारा मौत से घाट

**नई दिल्ली।** टेक्सास के एक प्राथमिक विद्यालय में हुई गोलीबारी में कम से कम 18 बच्चों और एक शिक्षक व दो अन्य युवकों सहित 21 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने हमलावर 18



वर्षीय बंदूकधारी को भी मार गिराया है। अमेरिकी राज्य टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा कि एक स्थानीय व्यक्ति ने उवाल्डे में रॉब एलीमेंट्री स्कूल में सैन एंटोनियो के पश्चिम में लगभग 85 मील की दूरी पर एक स्कूल में अंधाधुंध गोलियां चलाईं। गवर्नर ने बताया, ÷उसने 18 छात्रों की गोली मारकर हत्या कर दी और एक शिक्षक की भी गोली लगने से मौत से हो गई।÷ एबॉट ने कहा कि बंदूकधारी वहीं का रहने वाला था और एक हैंडगन और संभवत- राइफल लेकर स्कूल में घुसा और उसने गोलियां चलाना शुरू कर दिया। गवर्नर ने बताया कि बंदूकधारी का नाम सल्वाडोर रामोस था जो इसी इलाके का रहने वाला था। एबॉट ने कहा कि गोलीबारी की घटना 2012 में सैंडी हुक प्राथमिक विद्यालय में हुई गोलीबारी की घटना से ज्यादा घातक है। टेक्सास का यह छोटा शहर उवाल्डे 20,000 से भी कम आबादी का घर है। यह मैक्सिकन सीमा से लगभग एक घंटे की दूरी पर एक छोटा सा समुदाय है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, इस तरह की सामूहिक गोलीबारी शायद ही दुनिया में कहीं और होती है। हम इस नरसंहार के साथ जीने को तैयार क्यों हैं? हम ऐसा क्यों होने देते रहते हैं? भगवान के नाम पर इससे निपटने का साहस रखने की हमारी रीढ़ कहाँ है? इस दर्द को अमल में लाने का समय आ गया है।



## संयुक्त अरब अमीरात में मंकीपॉक्स का पहला केस मिला

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात में मंकीपॉक्स का पहला केस मिला हैं। हेल्थ अथॉरिटी के मुताबिक, पश्चिम अफ्रीका से आई महिला में मंकीपॉक्स की पुष्टि हुई है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, दुनिया के 20 देशों में 100 से ज्यादा मंकीपॉक्स के केस मिल चुके हैं। हालांकि, यूएई स्वास्थ्य प्रशासन की ओर से मरीज के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, प्रशासन की ओर से बताया गया कि संक्रमित महिला के कॉन्टैक्ट्स की जांच की जा रही है। इसके अलावा वे सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं, जो मंकीपॉक्स के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए जरूरी हैं। इतना ही नहीं यूएई प्रशासन द्वारा ये भी नहीं बताया गया कि ये केस कहां मिला है। मंकीपॉक्स के मामले दुनियाभर में तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी हफ्ते इजराइल में भी मंकीपॉक्स के केस की पुष्टि हुई थी। मंकीपॉक्स के मामले पहले सिर्फ मध्य और पश्चिम अफ्रीका में ही लोगों में देखे जाते रहे हैं। लेकिन अब ब्रिटेन, स्पेन, पुर्तगाल, इटली, यूएस, स्वीडन और कनाडा में भी संक्रमण की पुष्टि हुई है। यहां ज्यादातर मामले युवाओं में मिले हैं।

## अमरनाथ यात्रा में पत्ता भी नहीं हिला पाएंगे आतंकी

**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। इसी बीच यह बताया गया है कि अमरनाथ धाम जाने वाले यात्रियों अब तीन स्तरीय सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसमें ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इसके अलावा लोगों की सुरक्षित यात्रा के लिए अन्य तमाम उपाय भी किए जाएंगे। खतरे के हर पहलू को भांपकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। ड्रोन हमले,



स्टिक बम और आतंकियो के घात लगाकर हमले जैसी किसी भी आशंका को समाप्त करने के लिए कई स्तर की सुरक्षा का खाका तैयार किया गया है। इसी कड़ी में हम हम पिछले एक महीने से अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था कर रहे हैं और कई बैठकें कर चुके हैं। विजय कुमार ने कहा कि हम त्रिस्तरीय सुरक्षा मुहैया कराएंगे। इसमें ड्रोन निगरानी, ??सीसीटीवी कैमरा और आरएफआईडी रखा जाएगा और हम घटना मुक्त यात्रा सुनिश्चित करेंगे। बता दें कि हाल ही में सुरक्षाबलों ने अमरनाथ यात्रा पर आतंकी हमले की बड़ी साजिश को नाकाम किया था। सुरक्षा बलों ने पहलगाम में तीन आतंकियों को ढेर कर दिया था। इसके बाद से ही 30 जून से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। केंद्रीय अर्धसैनिकबलों की व्यापक तैनाती के साथ ही कश्मीर में पहले से मौजूद सुरक्षाबल द्वारा आतंकरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही आतंकी किसी भी तरह से यात्रा मार्गों के आसपास भी नहीं पहुंच पाएं, इसका फुल प्रूफ प्लान बनाया गया है। वाहन के साथ यात्रियों पर भी आरएफआइडी (रेडियो फ्रैंक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन डिवाइस) माइक्रो-चिप के जरिए नजर रखी जाएगी। विभिन्न स्थानों पर स्थापित उपग्रह टावर से निगरानी की जाएगी। कोई भी यात्री सुरक्षा एजेंसियों की निगाह से ओझल नहीं हो, इसकी माकूल व्यवस्था की जा रही है। अमरनाथ यात्रा 30 जून को शुरू हो रही है जो 11 अगस्त को समाप्त होगी। 43 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या पहले से ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है। इस बार रामबन और चंदनवाड़ी में कैंप बड़े होंगे। इसे देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

## खास खबर

### अफगानिस्तान में पांच साल से कम उम्र के करीब 11 लाख बच्चों को गंभीर कुपोषण

**इस्लामाबाद।** संयुक्त राष्ट्र ने आशंका जाहिर की हैं कि अफगानिस्तान में पांच साल से कम उम्र के करीब 11 लाख बच्चों को गंभीर कुपोषण का सामना करना पड़ सकता है। अस्पतालों में आने वाले इसतरह के बच्चों की संख्या बढ़ रही है, जो संपूर्ण आहार नहीं मिल पाने के कारण कुपोषण के शिकार हैं। पिछले साल तालिबान के सत्ता में आने के बाद से संयुक्त राष्ट्र और अन्य सहायता एजेंसियों ने अकाल की स्थिति के बीच बड़े पैमाने पर आपातकालीन सहायता कार्यक्रम चलाया है, जिसके जरिये लाखों लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। हालांकि, लगातार बिगड़ते हालात से निपटने में इन्हें खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, गरीबी बढ़ रही है, इस कारण और अधिक संख्या में अफगानों को मदद की जरूरत पड़ रही है। एक ओर जहां यूक्रेन में जारी युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर खाद्य पदार्थों के दाम में इजाफा हो रहा है, वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सहायता उस स्तर पर मिलने में कठिनाई आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, इसके परिणामस्वरूप बच्चों सहित कमजोर तबके के लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। इतना ही नहीं, महिलाओं को भी अपने परिवार के साथ-साथ बच्चों का पेट भरने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

### ड्रग्स गैंग के खिलाफ ब्राजील पुलिस की कार्रवाई में 20 से अधिक लोगों की मौत

**रियो डी जिनेरियो।** ब्राजील के रियो डी जेनेरियो की विला क्रुजेइरो बस्ती में पुलिस ने मंगलवार को छापा मारा। छापेमारी के दौरान ड्रग्स गैंग के सदस्यों ने भीषण प्रतिरोध किया। दोनों ओर से की गई गोलीबारी में 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि कुछ आपराधिक लोगों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए यह अभियान चलाया गया था। बयान में बताया गया है कि छापेमारी के दौरान गोलीबारी में एक निवासी की मौके पर ही मौत हो गई है, स्थानीय प्रेस ने बताया कि यह निवासी 41 वर्षीय महिला थी। पुलिस ने मंगलवार सुबह जारी बयान में बताया कि गोलीबारी के बाद 11 घायलों को निकटवर्ती सरकारी अस्पताल ले जाया गया। बाद में निवासी अपनी कारों से उन और लोगों को लेकर उसी अस्पताल में पहुंचे, जिन्हें गोलियां लगी थीं। इनमें से कुछ की पहले ही मौत हो चुकी थी। राज्य के स्वास्थ्य सचिवालय के एक प्रेस अधिकारी ने अस्पताल के बाहर कहा मंगलवार दोपहर तक अस्पताल में 21 लोगों की मौत की पुष्टि हुई और सात लोगों का उपचार किया जा रहा है। यह रियो के हालिया इतिहास में पुलिस के सबसे घातक अभियानों में से एक है। इससे एक साल पहले जाकारेजिन्हो बस्ती में छापेमारी में 28 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद व्यापक स्तर पर प्रदर्शन हुए थे।

### नासिक के गांव में पेयजल की भारी किल्लत, बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण, कई लोगों ने किया पलायन

**नासिक।** नासिक जिले के हिरिदपाड़ा गांव के लोग भीषण जल संकट झेल रहे हैं। इसकी वजह से कई लोग गांव छोड़कर अन्यत्र चले गए हैं। महिलाओं को पानी लाने के लिए बहुत दूर-दूर तक जाना पड़ता है। नासिक जिले के हिरिदपाड़ा के एक निवासी ने बताया कि गांव में भीषण जल संकट है। इस वजह से बाहर के लोग नहीं चाहते कि हमारे गांव में उनके बच्चों की शादी हो और कई लोग इस समस्या के कारण गांव छोड़ कर चले गए हैं।

# पाकिस्तान भारत के साथ कूटनीतिक और आर्थिक रूप से भी जुड़ सकेगा: जरदारी

**दावोस।** पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि एक दिन आएगा जब पाकिस्तान भारत के साथ कूटनीतिक और आर्थिक रूप से भी जुड़ सकेगा। जरदारी ने कहा, आज नहीं तब कल, वह दिन आएगा। उस दिन हम अपनी पूरी आर्थिक संभावनाओं को खोल सकते हैं, और समृद्धि का फल मिलकर चख सकते हैं। अपने देश के पड़ोस में कई संघर्षों का जिक्र कर जरदारी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरे जीवन में वह दिन जरूर आएगा, जब हम अपने क्षेत्र में संघर्षों को हल करने में सक्षम होगा और उस दिन हम अपनी पूर्ण विकास क्षमता को खोलने में सक्षम होने वाले हैं। हालांकि, जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान जब भी किसी अन्य देश के साथ कूटनीतिक या आर्थिक रूप से जुड़ेगा, तब वह अपने राष्ट्रीय हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संकट को हल करने का एकमात्र तरीका बातचीत और कूटनीति है। जरदारी ने कहा, यह ऐसा समय है, जब मानवता एक नहीं बल्कि अस्तित्व संबंधी कई संकटों का सामना कर रही है, चाहे वह कोरोना महामारी हो, जलवायु परिवर्तन या अनय संघर्ष



हों। जरदारी ने कहा, ''क्या हम इतिहास में किसी इसतरह के व्यक्ति के रूप में पहचाने जाना चाहेंगे, जिसने बातचीत के माध्यम से अस्तित्व से जुड़े संकटों और संघर्षों को हल किया या जिसने अधिक संघर्ष पैदा किए?संघर्षों को हल करना हमारे जैसे छोटे देशों के लिए नहीं बल्कि बड़े देशों और सभी के हित में है।'' उन्होंने कहा कि जहां पाकिस्तान यूक्रेन के लोगों के प्रति सहानुभूति रखता है, वहीं हमारा दृढ़ विश्वास है कि इस संघर्ष को कूटनीति और बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान विभिन्न संघर्षों के गंभीर आर्थिक परिणामों का भी सामना कर रहा है। उन्होंने कहा, क्या हमें बार-बार वही पुरानी लड़ाइयां लड़नी चाहिए या हमें आधुनिक मुसलमानों के देश के रूप में पहचाने जाने की और एक समृद्ध भविष्य की आकांक्षा रखनी चाहिए?' ' मंत्री ने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि राजनीतिक कलह को किनारे करे और पाकिस्तान की विशाल अनछुई क्षमता का पता लगाकर उन्हें खोला जाए। जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान के पड़ोसी देश चीन, भारत, ईरान और अफगानिस्तान हैं। उन्होंने कहा, ''हम चीन के साथ अपने व्यापार को अधिकतम करने में सक्षम नहीं हैं। भारत के साथ हमारे संबंध स्पष्ट रूप से आगे नहीं बढ़ रहे हैं।

## वर्षा से भीषण गर्मी से मिली राहत, कई राज्यों में दस डिग्री से अधिक गिरा तापमान


**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में हुई बारिश से कई राज्यों में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल गई है। तेज़ आंधी और बारिश के बाद लोग राहत की सांस ले रहे हैं। दिल्ली, यूपी, बिहार, पंजाब, हरियाणा, एमपी झारखंड सहित कई राज्यों में तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ गई। मौसम विभाग के मुताबिक इन सभी इलाकों में अगले कुछ दिनों तक मौसम सुहाना बना रहेगा। पश्चिम और मध्य भारत में गर्मी का दौर जारी रहेगा। जम्मू कश्मीर और उसके आसपास के इलाकों में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है।



मौसम विभाग के मुताबिक इसके चलते उत्तर भारत में बारिश की गतिविधियां बनी रहेगी। लिहाजा जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में छिटपुट बारिश हो सकती हैं। इसके अलावा तेज हवाएं भी चलने की भी संभावना है। राजस्थान में धूल भरी आंधी चल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 3 दिनों के दौरान बिहार, झारखंड, ओडिशा और बंगाल में तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके साथ ही कुछ इलाकों में बारिश भी जारी रहेगी। इस बीच अच्छी खबर यह है कि नॉर्थ-ईस्ट में अब बारिश थोड़ी कमज़ोर पड़ गई है, लेकिन बंगाल और सिक्किम में अगले 5 दिनों के दौरान कुछ जगहों पर तेज बारिश हो सकती है। स्काइमेट वेदर के मुताबिक पूर्वोत्तर अरब सागर, गुजरात के उत्तरी भागों, दक्षिण-पश्चिम और बंगाल की खाड़ी के ऊपर तेज हवाएं चलने की संभावना है। इन इलाकों में हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटे के बीच रह सकती है।

## कपिल सिब्बल का खुलासा 16 मई को ही दे दिया था कांग्रेस से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस में लंबे समय से बागी सुर बुलंद करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। समाजवादी पार्टी से समर्थन से राज्यसभा के लिए निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने इसका खुलासा किया। पत्रकारों से बातचीत में कपिल सिब्बल ने खुलासा किया कि वह कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि 16 मई को ही कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था। कपिल सिब्बल ने कांग्रेस से इस्तीफे का खुलासा करते हुए कहा, हम विपक्ष में रहकर एक गठबंधन बनाना चाहते हैं ताकि मोदी सरकार का विरोध करें। हम चाहते हैं कि 2024 में ऐसा माहौल बने हिन्दुस्तान में कि मोदी सरकार की जो खामियां हैं वह जनता तक पहुंचाई जाएं। मैं खुद इसका प्रयास करूंगा। सिब्बल ने यह भी कहा कि उन्हें सभी दलों ने समर्थन दिया है। कपिल सिब्बल ने समर्थन के लिए आजम खान का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने खुद साफ किया कि वह सपा में शामिल नहीं होने जा रहे हैं, बल्कि निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन किया है। सिब्बल ने



कहा, मुझे खुशी है कि मैं राज्यसभा का निर्दलीय उम्मीदवार बनने जा रहा हूं। मैं हमेशा इस देश में स्वतंत्र आवाज बनना चाहता था। मुझे खुशी है कि अखिलेश यादव ने इसे समझा। हम पार्टी का सदस्य होने पर उसके अनुशासन से बंध जाते हैं। कपिल सिब्बल के नामांकन के बाद अखिलेश यादव ने कहा, आज कपिल सिब्बल ने नामांकन दाखिल किया है। वह सपा के समर्थन से राज्यसभा जा रहे हैं। दो और सदस्य राज्यसभा जा सकते हैं। कपिल सिब्बल वरिष्ठ वकील हैं। वह संसद में भी अपने विचार रखते रहे हैं। हमें उम्मीद है कि अपने और सपा के विचारों को रखेंगे।

## न्यूज़ ट्रैक....

### दूसरे [ ालीफायर पर हैं बटलर की नजरें

**कोलकाता।** राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा है कि हमारी टीम के पास अभी भी अवसर है और हम दूसरे क्वालीफायर मैच में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। दूसरा क्वालीफायर मुकाबला 27 मई को खेला जाएगा। बटलर ने माना कि टीम पहले क्वालीफायर में हार से निराश है पर अब भी टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले क्वालीफायर में मुझे बल्लेबाजी के दौरान परेशानी हुई थी। बटलर ने कहा कि वह इस अहम मैच में लंबी पारी खेलना चाहते थे। इसलिए शुरुआत में धीमी बल्लेबाजी कर रहे थे। बटलर ने इस सत्र में अब तक के 15 मैचों में 718 रन हैं। पहले क्वालीफायर में शुरू में उन्हें खेलने में परेशानी और 39 रन बनाने के लिए उन्होंने 38 गेंदें खेली लेकिन लय पकड़ने के बाद बटलर ने अगले 50 रन 18 गेंद में बनाकर अपनी टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। बटलर ने कहा, 'मैं मैच में अंत तक टिके रहना चाहता था। हमारे लिए यह बड़ा मैच था और मैं लंबी पारी खेलना चाहता था। इसलिए हड़बड़ी में किसी प्रकार की गलती नहीं करना चाहता था।' उन्होंने कहा, 'वहीं विरोधी टीम चाहती है कि मैं घबराऊं और जल्दी से आउट हो जाऊं। मुझे खुद पर भरोसा था और मुझे पता था कि मैं लय हासिल कर लूंगा। इस पारी में मुझे मनोबल हासिल हुआ है।' कप्तानी संजू सैमसन की 26 गेंद में 47 रन की पारी से बटलर को राहत मिली और उनपर से दबाव हट गया। इसके बाद तो बटलर अपने पुराने रंग में दिखे।

### प्रज्ञानानंदा मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय

**चेन्नई।** 16 साल के आर प्रज्ञानानंदा मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने हैं। प्रज्ञानानंदा ने सेमीफाइनल में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को 3.5- 2.5 से पराजित किया। मेल्टवाटर चैम्पियंस में 4 गेम का ऑनलाइन सेमीफाइनल मैच 2-2 से बराबरी पर था। जिसके बाद प्रज्ञानानंदा ने टाइब्रेकर में डच खिलाड़ी को शिकस्त दी। गिरी की इस टूर्नामेंट में यह पहली हार थी। सेमीफाइनल मुकाबला संघर्षपूर्ण रहा। इसमें प्रज्ञानानंदा पहला गेम हार गए थे पर दूसरे गेल में उन्?होंने अच्छी वापसी की। उन्होंने तीसरा गेम जीत कर स्कोर 2-1 कर दिया, हालांकि गिरी ने अपना पूरा अनुभव लगाकर चौथा गेम जीता और मुकाबला टाइब्रेकर में पहुंच गया। प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती दौर में कार्लसन को हराया था। अब फाइनल में भारतीय खिलाड़ी का सामना विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी चीन के डिंग लिरेन से होगा। इससे पहले लिरेन ने दूसरे सेमीफाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को 2.5- 1.5 से हराया।



पेरिस में स्पेन की पाउला बेडोसा फ्रेंच ओपन के पहले दौर का मैच खेलती हुई।

## अब टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाना चाहते हैं कार्तिक

**कोलकाता।** टीम इंडिया में एक और अवसर मिलने से उत्साहित अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा है कि पिछले 18 साल में यह सबसे विशेष वापसी है। कार्तिक को नौ जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। 36 वर्ष के इस खिलाड़ी ने कहा, 'यह सबसे खास वापसी है क्योंकि कई लोगों ने इसकी संभावनाएं समाप्त मान लीं थीं। मेरे लिए इस वापसी से यह संदेश है कि कि मैं उसी तरह से खेलूंगा जैसे पहले खेलता था।' अब कार्तिक का लक्ष्य इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप की टीम में जगह बनाना है। उन्होंने कहा, 'चयन के दावेदार कई युवा खिलाड़ी होंगे जिनका हुनर सबके सामने हैं। इनके बीच विश्व कप टीम में जगह बनाने के दावेदारों में शामिल होना बहुत अद्भुत अहसास है।' उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि अभी मंजिल दूर है लेकिन रणनीति का हिस्सा होना और अपना कौशल दिखाने का मौका मिलना भी बड़ी बात है।' कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 32 टी20 मैच खेले हैं। गौरतलब है कि आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के कारण कार्तिक को टीम में जगह मिली है। उन्होंने अंतिम बार भारत के लिये साल 2019 विश्व कप में खेला था।

## एशिया कप हॉकी से बाहर हो सकती है भारतीय टीम

### दूसरे मैच में जापान ने 5-2 से हराया



**जकार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे मैच में जापान ने 5-2 से हरा दिया। भारतीय टीम का पहला मुकाबला भी पाकिस्तान से ड्रॉ रहा था। ऐसे में इससे भारतीय टीम पर चैंपियनशिप से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि अगर वह अगले मैच में इंडोनेशिया को हरा भी देती है तो उसके लिए नॉकआउट चरण में पहुंचना आसान नहीं रहेगा। भारत के साथ मुकाबले में जापान की ओर से केन नागायोशी ने एक जबकि कोसी कावाबे ने दो गोल दागे। रयोमी ओका और कोजी यामासाकी ने एक-एक गोल किया। वहीं भारतीय टीम की ओर से पवन राजभर और उत्तम सिंह ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम का प्रदर्शन इस मैच में अच्छा नहीं रहा। टीम के दो अनुभवी खिलाड़ी कप्तान बीरेंद्र लाकड़ा और एसवी सुनील अपने नाम के अनुसार नहीं खेल पाये।

लाकड़ा ने कहा, 'हम लय में नहीं थे इसलिए हमारे लिए पहले दो क्वार्टर कठिन रहे। भारतीय टीम ने हालांकि बाद के दोनों क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन किया पर अपने अवसरों का लाभ नहीं उठा पायी। पहले क्वार्टर में दोनो ही टीमों ने प्रयास किये पर वह गोल नहीं कर पायीं। वहीं दूसरे क्वार्टर में जापान के केन नागायोशी ने दूसरे पेनल्टी को गोल में बदलकर जापान की ओर से पहला गोल किया। मैच के 40वें मिनट में जापान के कावाबे ने एक गोल दागा। तीसरे क्वार्टर के आखिरी क्षणों में लाकड़ा के एक मूव को राजभर ने गोल में बदला। अंतिम क्वार्टर में ओका ने एक गोल कर जापान की बढ़त को 3-1 कर दिया पर अगले ही मिनट में राजभर की मदद से उत्तम सिंह ने गोल कर इस अंतर को कम किया। मैच के 54वें मिनट में यामासाकी के गोल से जापान की बढ़त 4-2 पहुंच गई। इसके बाद 56 वें मिनट में कवाबे ने एक और गोल कर अपनी टीम को जीत दिला दी।

## खराब फार्म को लेकर रोहित, विराट का गांगुली ने किया बचाव



**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के खराब फार्म को लेकर वह परेशान नहीं हैं। विराट और रोहित आईपीएल में बल्लेबाजी के दौरान रनों के लिए संघर्ष करते दिखे। इसपर जब गांगुली से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इन दोनो बल्लेबाजों की लय चिन्ता का कारण नहीं है। उन्होंने कहा यह दोनो ही जल्द रन बनाने लगेंगे। दोनो ही शीर्ष स्तर के अनुभवी बल्लेबाज हैं और वह स्वयं जानते हैं कि किस प्रकार खेलना है। रोहित के लिए यह सत्र अच्छा नहीं रहा है। वह 14 पारियों में 19.14 के औसत से केवल 268 रन बना पाये हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट केवल 120.17 का रहा है। गांगुली ने कहा कि हर कोई इंसान है। गलतियां होंगी पर कप्तान के रूप में रोहित का रिकॉर्ड शानदार रहा है। पाँच आईपीएल खिताब, एशिया कप विजेता, उसने जहां भी कप्तानी की है, वह जीता है। कप्तान के रूप में उसका रिकॉर्ड शानदार है। गलतियाँ होंगी क्योंकि वे सभी इंसान हैं। वहीं विराट भी इस आईपीएल सत्र में केवल दो बार ही अर्धशतक लगा पाये हैं। उन्होंने 13 पारियों में केवल 236 रन बनाए थे। इस दौरान वह तीन बार पहली गेंद पर ही ही आउट हुए थे।

गांगुली ने कहा कि वे बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। मुझे भरोसा है कि वे आने साले मैचों में रन बनाना शुरू करेंगे। वे इतना क्रिकेट खेलते हैं कि कई बार वे फॉर्म गंवा बैठते है। कोहली ने पिछले मैच में बहुत अच्छा खेला, खासकर जब आरसीबी के लिए इसकी जरूरत थी। वहीं आईपीएल में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी अधिक रन नहीं बना पाये हैं पर ख्याति गांगुली ने इस युवा खिलाड़ी का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि ऋषभ की तुलना धोनी से मत करिये। धोनी के पास काफी अनुभव है। उसने आईपीएल, टेस्ट और वनडे मिलाकर 500 से ज्यादा मैचों में कप्तानी की है। धोनी के साथ ऋषभ की तुलना सही नहीं है। उन्होंने आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के लिए युवा खिलाड़ियों तिलक वर्मा , राहुल त्रिपाठी की भी जमकर सराहना की है।

## सभी के सहयोग से मिली सफलता : हार्दिक

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में पहुंचने से उत्साहित गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा है कि यह सफलता टीम के सभी खिलाड़ियों के सहयोग के साथ ही परिवार के समर्थन से मिली है। हार्दिक ने अपनी टीम के खिलाड़ियों की तारीफ करने के साथ ही अपने परिवार को भी शुक्रिया कहा है। पंड्या ने कहा, 'मैंने अपने जीवन में कई चीजों को संतुलित करना शुरू कर दिया है। इसके लिए मैं पिछले कुछ समय से प्रयास कर रहा था पर अंत में, मेरे परिवार, मेरे बेटे, मेरी पत्नी और मेरे भाई ने भी इसमें सहयोग दिया। अब मैं घर जाने और परिवार के साथ कुछ समय बिताने के लिए उत्साहित हूं, इसी से मुझे एक बेहतर क्रिकेटर बनने में सहायता मिली है।' हार्दिक आईपीएल से पहले अपनी फिटनेस को लेकर परेशान रहे थे , इसी कारण वह भारतीय टीम से भी बाहर थे। इस आईपीएल सत्र में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी करने के साथ ही गेंदबाजी करना भी शुरू किया है। उन्होंने खिताबी मुकाबले को लेकर कहा, 'अभी ज्यादा कुछ नहीं सोच रहे हैं। टीम के सभी 23 खिलाड़ी अलग-अलग भूमिकाओ में हैं, वे सभी अलग तरह की चीजें लेकर आते हैं। मैंने मिलर से सिर्फ इतना कहा कि अगर आपके आसपास अच्छे लोग हैं तो आपको अच्छी चीजें अपने आज ही मिलती हैं।' साथ ही कहा कि जो खिलाड़ी अंतिम एकादश में शामिल नहीं हैं वे भी चाहते हैं कि टीम अच्छा प्रदर्शन करे।



## व्यापारन्यूज

### विश्व बैंक ने कहा- श्रीलंका को नए कर्ज देने की खबरें गलत

**कोलंबो।** आर्थिक संकट झेल रहे श्रीलंका को विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) तब तक नया कर्ज नहीं देगा जब तक कि देश की अर्थव्यवस्था संबंधी पर्याप्त व्यापक आर्थिक नीति रूपरेखा नहीं बनाई जाती। विश्व बैंक ने बयान जारी करके यह कहा है। इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि विश्व बैंक श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबारने के लिए ब्रिज लोन या नई ऋण प्रतिबद्धताओं के रूप में समर्थन देने की योजना बना रहा है। हालांकि बैंक ने कहा कि वह पहले से आवंटित संसाधनों में परिवर्तन कर रहा है ताकि आवश्यक दवाएं एवं अन्य नकद सहायता दी जा सके। विश्व बैंक ने कहा ?कि हाल में मीडिया में आई खबरों में कहा गया था कि विश्व बैंक ब्रिज लोन या नई कर्ज प्रतिबद्धताओं के रूप में श्रीलंका की मदद करने जा रहा है। यह गलत है। इसमें कहा गया है ?कि हमें श्रीलंका के लोगों की चिंता है और हम अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा अन्य विकास साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि देश को आर्थिक स्थिरता बहाल करने के लिए उचित नीतिगत सलाह दे सकें। जब तक एक पर्याप्त व्यापक आर्थिक नीति रूपरेखा नहीं बनती तब तक विश्व बैंक श्रीलंका को नए वित्तपोषण की पेशकश नहीं करेगा।

### पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को भी पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई परिवर्तन नहीं किया, जिससे ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया है। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल का दाम 96.72 रुपए और डीजल का दाम 89.62 रुपए प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमश: 111.35 रुपए और 97.28 रुपए प्रति लीटर है। केंद्र सरकार ने शनिवार को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमश: आठ रुपए और छह रुपए प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। जिससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम 9.5 रुपए और सात रुपए तक गिर गए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.16 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 114.88 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 1.20 प्रतिशत चढ़कर 111.09 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, केंद्र सरकार ने 03 नवंबर 2021 को पेट्रोल पर 10 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 5 रुपए प्रति लीटर का उत्पाद शुल्क घटाया था। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे-- दिल्ली पेट्रोल 96.72 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 89.62 रुपए प्र?ति ?लिटर, कोलकाता पेट्रोल 106.03 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 92.76 रुपए प्र?ति ?लिटर, मुंबई पेट्रोल 111.35 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 7.28 रुपए प्र?ति ?लिटर और चेन्नई पेट्रोल 102.63 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 94.24 रुपए प्र?ति ?लिटर है।

### महिंद्रा की कारों पर वेटिंग पीरियड काफी ज्यादा

**नई दिल्ली।** वर्तमान में महिंद्रा की कारों पर वेटिंग पीरियड काफी ज्यादा है और हद तो एक्सयूवी700 एसयूवी को लेकर है, क्योंकि इस एसयूवी के लिए वेटिंग पीरियड साल-डेढ़ साल तक है। जिन लोगों ने महिंद्रा एक्सयूवी700, थार या अन्य कारें बुक करा ली हैं, वे अपनी कार की डिलीवरी के लिए महीनों इंतजार करते हैं और ऐसे में वह अक्सर आनंद महिंद्रा से सोशल मीडिया पर सवाल पूछते हैं। आनंद महिंद्रा ने बीते दिनों साफ किया कि ग्लोबल सप्लाई चेन में दिक्कतों की वजह से कारों के उत्पादन पर असर पड़ा है और तय समय पर डिलीवरी न करने का यह सबसे बड़ा कारण है। दरअसल, बीते लंबे समय से भारत समेत दुनियाभर में सेमीकंडक्टर और चिप शॉर्टेज की वजह से कारों का प्रोडक्शन प्रभावित हुआ है। आनंद महिंद्रा से थॉमस कप विनर चिराग शेट्टी ने रिक्वेस्ट किया था कि कुछ समय पहले उन्होंने एक्सयूवी700 बुक कराई थी और उम्मीद करता हूं कि मुझे मेरी कार जल्द मिल जाएगी। इसपर आनंद ने उन्हें आश्वस्त किया था कि वह पूरी कोशिश करेंगे।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद



**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही आईटी कंपनियों के शेयरों में हुई भारी बिकवाली से बाजार ने शुरुआती बढ़त खो दी। इस कारण सेंसेक्स 300 से अधिक अंक नीचे खिसक गया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 303.35 अंक करीब 0.56 फीसदी नीचे आकर 53,749.26 अंक पर पहुंचा गया हालांकि बीच में यह 54,379.59 अंक के उच्चस्तर तक पहुंचने के बाद 53,683.16 अंक के निचले स्तर तक आया। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 99.35 अंक तकरीबन 0.62 फीसदी नीचे आकर 16,025.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, टीसीएस, विप्रो, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एमएंडएम के शेयर सबसे ज्यादा गिरे हैं। वहीं, दूसरी ओर एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। गत दिवस भी बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ था।

## वित्त मंत्रालय का कोयला विभाग से अनुरोध, कोल इंडिया उत्पादन बढ़ाए

**नई दिल्ली)।** बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और इसकी कमी न होने इसके लिए बिजली मंत्रालय ने कोयला मंत्रालय से चालू वित्त वर्ष में कोल इंडिया लिमिटेड और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के उत्पादन को 10 से 12 प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कदम उठाने का आग्रह किया है। जानकारी के मुताबिक बिजली मंत्रालय ने अनौपचारिक रूप से मामले को कोयला मंत्रालय के समक्ष रखा है। इस बारे में औपचारिक बातचीत जल्द की जाएगी। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की निगरानी वाले 155 तापीय बिजलीघरों में 23 मई, 2022 की स्थिति के अनुसार तय मानकों का 25 प्रतिशत कोयला भंडार था। इन संयंत्रों की क्षमता 1,64,000 मेगावॉट है। सूत्र ने अनुसार चालू वित्त वर्ष में विद्युत क्षेत्र के निजी उपयोग वाली खदानों से कोयले का उत्पादन 43 प्रतिशत बढ़कर 12 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में सीआईएल और एससीसीएल से उत्पादन में मात्र चार से छह प्रतिशत वृद्धि की संभावना है।

## पंजाब ने दूध खरीद का दाम बढ़ाया

**चंडीगढ़।** पंजाब के सहकारिता मंत्री हरपाल सिंह सीमा ने डेयरी किसानों के लिए प्रति किलोग्राम दुग्ध वसा के आधार पर दूध खरीद के दाम में 55 रुपए बढ़ोतरी करने की घोषणा की। डेयरी किसानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद यह फैसला किया गया। मंत्री ने कहा कि दूध के खरीद मूल्य में बढ़ोतरी से इसके खुदरा दामों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। प्रगतिशील डेयरी किसान संघ (पीडीएफए) के तत्वावधान में डेयरी किसानों ने 21 मई को मोहाली में सार्वजनिक क्षेत्र के दुग्ध संयंत्रों पर दूध खरीद का मूल्य बढ़ाने की मांग को लेकर

## दक्षिण राज्यों में आटा की मांग बढ़ी!

**नई दिल्ली।** देश के दक्षिणी राज्यों में परंपरागत रूप से चावल खाया जाता है और गेहूं की मांग नहीं के बराबर है। लेकिन कोरोना महामारी के कारण वहां के लोगों की खानपान की आदत में थोड़ा बदलाव आया है। अब वहां अब आटे की मांग बढ़ रही है और पैकेज्ड आटा बेचने वाली कंपनियों में इसका फायदे उठाने की होड़ मची है। कंपनी सूत्रों के मुताबिक देश में पैकेज्ड आटे की कुल खपत में दक्षिण राज्यों का हिस्सा 18 फीसदी है। यह साल 2020 में 15 फीसदी था। जानकारों का कहना है कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत चावल के साथ आटा भी दिया गया। इस कारण दक्षिणी राज्यों में आटे की खपत बढ़ी है। आईटीसी ने 20 साल पहले आशीर्वाद आटे को लॉन्च किया था और आज पैकेज्ड एंड ब्रांडेड आटा मार्केट में इसकी हिस्सेदारी 58 फीसदी है। दक्षिण भारत के पैकेज्ड एंड ब्रांडेड आटा मार्केट में आशीर्वाद की हिस्सेदारी 90 फीसदी है। उत्तरी और पश्चिमी राज्यों में आटा बेचने वाली कंपनी पार्ले प्रॉडक्ट्स भी अब दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में उतरने की तैयारी में है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दक्षिणी राज्यों में गेहूं स्टैपल फूड में शामिल नहीं है लेकिन अब वहां पैकेज्ड आटे के चलन बढ़ रहा है। पार्ले प्रॉडक्ट्स दो दशक पहले आटा मार्केट में उतरी थी और कुछ साल पहले उसने फिर इस बाजार में प्रवेश किया है। जानकारों का कहना है कि ब्रांडेड एंड पैकेज्ड आटा मार्केट में दक्षिणी राज्यों की हिस्सेदारी 27 फीसदी है। ब्रांडेड आटे की कीमत हमेशा ज्यादा होती है। अगर 10 किलो पैकेज्ड आटे की कीमत 380 रुपये है तो ब्रांडेड आटे की कीमत 400 से 410 रुपये होगी।

## मारुति सुजुकी ला रही 3 नई सीएनजी कारें

### कई पॉपुलर कारों के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल पेश किए




**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी कंपनी जल्द ही भारत में स्विफ्ट सीएनजी, ब्रेजा सीएनजी और बलेनो सीएनजी जैसे कारें लाने की तैयारी में है। मारुति सुजुकी ने इस साल भारत में अपनी कई पॉपुलर कारों के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल पेश किए और इन्हें सीएनजी ऑप्शन में भी पेश किया है। इनमें मारुति सिलेरियो सीएनजी, मारुति वैगनआर सीएनजी, मारुति डिजायर सीएनजी और मारुति अर्टिगा सीएनजी हैं। नई सिलेरियो सीएनजी की माइलेज तो बेहद जबरदस्त है। अब हैचबैक सेगमेंट में मारुति सुजुकी अपनी दो धांसू कारों स्विफ्ट और बलेनो को सीएनजी मॉडल को लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसके माइलेज के मामले में जबरदस्त होने की पूरी संभावना है। कंपनी ने फिलहाल इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, लेकिन माना जा रहा है कि इस साल के आखिर तक सीएनजी कारों की बंपर डिमांड को देखते हुए ये कारें भी लॉन्च हो सकती है। मारुति सुजुकी इस साल अपनी बेस्ट सेलिंग कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा का नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल लाने की तैयारी में है और इसका लोगों को बेसब्री से इंतजार है। जहां नई ब्रेजा में ढेर सारे कॉस्मेटिक बदलाव और लेटेस्ट फीचर्स के साथ ही अडवांस टेक्नॉलजी देखने को मिलेगी, वहीं सबसे खास बात यह सामने आ रही है इसमें सेफ्टी फीचर्स पर भी जोर दिया जाएगा और इस एसयूवी के सीएनजी वेरिएंट्स भी आएंगे। अगर ब्रेजा सीएनजी लॉन्च हुई तो मार्केट में हंगामा होना तय है, क्योंकि लोगों को नया विकल्प मिलेगा और इससे टाटा नेक्सॉन और ह्यूंदै वेन्यू की बिक्री पर असर पड़ना तय है। आने वाले समय में मारुति सुजुकी की इन अपकमिंग कारों के बारे में और भी जानकारियां आएंगी और हम आप तक पहुंचाएंगे। बता दें कि भारत में पेट्रोल और डीजल के दामों में भले थोड़ी राहत की खबर आई है।



## सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारमें सोना और चांदी बुधवार को गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं और इसका असर भारतीय सर्राफा बाजार पर भी दिखाई दे रहा है। यहां सोना और चांदी दोनों लाल निशान में नजर आ रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर बुधवार को सोना गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है और इसमें 100 रुपए से ज्यादा की गिरावट देखी जा रही है. एमसीएक्स पर सोना 121.00 रुपए की गिरावट के साथ 51,036 रुप, प्रति 10 ग्राम है। बता दें कि ये सोने का ये भाव जून वायदा के लिए है। चांदी भी निचले दायरे में कारोबार कर रही है और ये कुछ सस्ती हुई है। चांदी के दाम 80.00 रुपए की गिरावट के साथ 61,896 रुपए प्रति किलो पर कारोबार कर रहे हैं। चांदी के ये दाम जुलाई वायदा कारोबार के तहत लिए गए हैं। दिल्ली में सोने के दाम तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के 22 कैरेट और 24 कैरेट दोनों में तेजी देखी जा रही है। दिल्ली में ‍22 कैरेट सोने के दाम 150 रुप, की तेजी के साथ 47,900 रुपए पर कारोबार कर रहे हैं. वहीं 24 कैरेट सोने के दाम 160 रुपए की तेजी के साथ 52,250 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहे हैं।

# महज 19 साल की उम्र में करोड़ों कमाती है अवनीत कौर, हॉट लुक में आई नजर



जैसे कि आप सब जानते ही हैं कि टेलीविजन इंडस्ट्री में कई ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने बहुत ही कम उम्र में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत कर दी हो और आज वह लोगों के दिलों पर राज कर रहे हो इन्हीं में से एक है अवनीत कौर . बता दें कि अवनीत कौर अलादीन नाम तो सुना ही होगा और चंद्र नंदिनी जैसी सीरियल में काम कर चुकी है लेकिन उन्होंने बहुत ही कम उम्र में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत कर दी थी अवनीत कौर की उम्र मात्र 19 साल है लेकिन दिखने में वह काफी हॉट हो चुकी है .आए दिन वह अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती है जिससे लोगों के बीच काफी पसंद किया जाता है. हाल ही में उन्होंने कुछ तस्वीरें शेयर कि आप इन तस्वीरों में देख सकते हो कि वह गार्डन में हॉट पोज देती हुई नजर आ रही है. अवनीत कौर का जन्म पंजाब में हुआ था। अवनीत ने 2010 में अपने करियर की शुरुआत की, वह पहली बार टेलीविजन पर दिखाई दी। जब उन्होंने रियलिटी शो, डांस इंडिया डांस ली मास्टर्स में भाग लिया, जिसमें वह शीर्ष 3 प्रतियोगियों में एक थी। फिर अवनीत रियलिटी शो, डांस के सुपरस्टार में दिखाई दी। 2012 में अवनीत ने अपना एक्टिंग का डेब्यू टीवी शो मेरी मां के साथ बाल कलाकार के रुप में टीवी पर शुरुआत की जिसमें अवनीत झिलमिल की भूमिका निभाई थी। 2012 में उन्होंने शो झलक दिखला जा सीजन-5 में भाग लिया, जिसमें अवनीत ने अभिनेता दर्शील सफरी के साथ भागीदारी की थी। वर्ष 2013 में उन्होंने जीटीवी के शाक एक मुट्ठी आसान में पाख कपूर की भूमिका में दिखाई दी थी। हमारी सिस्टर टीटी, ट्विस्टर वाला लव, चंद्र नंदिनी, अलादीन ना तो सुना होगा जैसे कई धारावाहिकों में काम किया। टेलीविजन के अलावा अवनीत ने फिल्म इंडस्ट्री में भी काम किया है। उन्होंने फिल्म मर्दानी में रानी मुखर्जी की भांजी का किरदार निभाग था। इस फिलम को करते समय उनकी आयु मात्र 14 वर्ष थी।

## अनुराग बसु सेट पर नटखट बच्चे की तरह होते हैं : शिल्पा शेट्टी

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने फिल्मकार अनुराग बसु, जो डांस रियलिटी शो सुपर डांसर : चैप्टर 4 में उनके साथ जज की भूमिका निभा रहे हैं, उनकी तारीफ की है। शिल्पा ने कहा है कि अनुराग का



सेट पर होना अपने आपमें मजेदार होता है। अभिनेत्री ने कहा, आपके आसपास दादा (अनुराग बसु) का होना मजेदार है। वह सेट पर एक नटखट बच्चे की तरह होते हैं। वह हमेशा हमें हंसाते रहे हैं और उनकी बोलने की एक खास शैली है, जो मनोरंजक और प्रिय है। वह कहती है कि बसु बड़े शरारती हैं और प्रैंक (मजेदार तरीके से बेवकूफ बनाना) करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा किसी न किसी प्रैंक पर कायम रहते हैं और हमारी टांग खींचने का एक मौका तलाशते रहते हैं। इसके साथ ही शिल्पा ने यह भी कहा कि हालांकि किसी भी गंभीर मुद्दे पर वह काफी स्नेह के साथ पेश आते हैं। शो में उनकी सहयोगी जज गीता के बारे में बताते हुए शिल्पा ने कहा कि वह और गीता दोनों ही बसु की कंपनी का आनंद लेते हैं। कोरियोग्राफर गीता कपूर भी शो को जज करती हैं। सुपर डांसर चैप्टर-4 27 मार्च से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

## फिल्म ए थर्सडे में पुलिस की भूमिका में दिखेंगी नेहा

आरएसवीपी मूवीज ने ब्लू मंकी फिल्म्स के साथ अपनी आगामी डायरेक्ट-टू-डिजिटल थ्रिलर ए थर्सडे से नेहा धूपिया का लुक रिलीज कर दिया है। बेहजाद खंबाटा द्वारा निर्देशित और लिखित, यह फिल्म गुरुवार को होने वाली अकल्पनीय घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में प्रतिभाशाली अभिनेत्री एसीपी अल्वारेज नामक एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं जहां वह पैंट, शर्ट और ब्लेजर में अपने किरदार के लिए एकदम



परफेक्ट दिख रही हैं, जिसे नेहा ने रॉल की हुई स्लीव्स, एविएटर्स और ऊपर बंधे बालो के साथ अपना यह लुक पूरा किया है। फिल्म में एक बुद्धिमान प्ले स्कूल टीचर, नैना जेयसवाल की कहानी दिखाई गई है जो यामी गौतम द्वारा अभिनीत है और वह 16 बच्चों को बंधक बना लेती है। पहली बार यामी को एक ग्रे किरदार में दिखाते हुए, नेहा फिल्म में पुलिस वाले की भूमिका में दिखाई देंगी। ए थर्सडे के निर्माता रोनी स्क्रूवाला आरएसवीपी के तहत ए थर्सडे का निर्माण करेंगे क्योंकि वह हमेशा नई स्क्रिप्ट और प्रतिभाओं की तलाश में रहते हैं।

# नैना गांगुली ने तोड़ी बोल्डनेस की सारी हदें, फोटो देख नजर हटाना होगा मुश्किल




साउथ इंडस्ट्री की बेहद बोल्ड अदाकारा नैना गांगुली जो कोलकाता से हैं. कोलकाता जिसे हम सिटी ऑफ़ जॉय के नाम से जानते हैं नैना की अदाकारी के जलवे वहां काफी चर्चित हैं. नैना गांगुली ने कई मॉडल शूट्स के साथ राम गोपाल वर्मा की फिल्म भी की है. इसके अलावा भी नैना ने कई एड फिल्म्स और तेलगू फिल्मों में काफी काम किया है. नैना गांगुली ने राम गोपाल वर्मा की जिस फिल्म में काम किया था उससे प्रभावित होकर उन्होंने अपनी दूसरी फिल्म 'मेरी बेटी सनी लियोनी बनना चाहती है' में भी काम दिया था. इस फिल्म को काफी लोगों ने पसंद दिया था जिसकी वजह से उनको काफी शोहरत मिली. एक्ट्रेस नैना को इस फिल्म के अलावा भी वेब सीरीज के लिए भी जाना जाता है. एक्ट्रेस नैना गांगुली की वेब सीरीज जोहार में उनके अंदाज को देखकर को हर कोई दीवाना हो गया था. उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इस वेब सीरीज के लिए काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा था।



# रिश्वत के बिना नेता कैसा?

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वह काम कर दिखाया है, जो आज तक देश का कोई प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री नहीं कर सका। क्या आपने सुना है कि किसी मंत्री को उसके अपने मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के आरोप में बर्खास्त ही नहीं किया



बल्कि गिरफ्तार करवा दिया? मुख्यमंत्री मान ने अपने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. विजय सिंगला के खिलाफ यह ऐसी सख्त कार्रवाई की है, जिसका अनुकरण देश के हर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को करना चाहिए। सिंगला और उसके ओएसडी प्रदीपकुमार को इसलिए गिरफ्तार किया गया कि उन दोनों ने किसी ठेकेदार से 2 प्रतिशत रिश्वत मांगी। 58 करोड़ रु. के काम में यह रिश्वत बनती है, 1 करोड़ 16 लाख रु.! ठेकेदार ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर दी। यह शिकायत 21 अप्रैल को की गई थी। मुख्यमंत्री ने इस मंत्री पर निगरानी बिठा दी। जब कल सिंगला को बुलाकर पूछताछ की गई तो उसने भगवंत मान के सामने रिश्वत की बात कबूल कर ली। प्रायः रिश्वतखोर नेता ऐसी बातों को कबूल करने से मना करते हैं और उन्हें किसी बहाने के आधार पर मंत्रिपद से हटा दिया जाता है। मुझे कई मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्रियों ने कई बार अपने ऐसे मंत्रियों के गोपनीय किस्से बताए हैं लेकिन असली सवाल यह है कि देश में कौनसा ऐसा नेता है, जो यह दावा कर सके कि सत्ता में रहते हुए उसने कभी रिश्वत नहीं ली है? ये बात अलग है कि कई बार लोग कुछ काम करवाने के लिए रिश्वत देने को मजबूर होते हैं और कई बार लोग रिश्वत को नजराने के तौर पर देते रहते हैं ताकि काम पड़ने पर उस रिश्वतखोर की मदद ली जा सके। भारत की ही नहीं, सारी दुनिया की राजनीति का चरित्र ही ऐसा बन गया है कि रिश्वत के बिना उसका काम चल ही नहीं सकता। किस-किस देश के राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों पर भ्रष्टाचार के मुकदमे नहीं चले हैं और कौन-कौन हैं, जिन्होंने जेल नहीं भुगती है? वे भाग्यशाली हैं, जो जेल जाने से बच गए हैं। लगभग डेढ़-दो हजार साल पहले 'नीतिशतक' में महाराजा भर्तृहरि ने लिखा था कि ''राजनीति वेश्या की तरह है। वह बहुरुपधरा है। वह जमकर खर्च करती है और उसमें नित्य धन बरसता रहता है।'' इसीलिए सिंगला की पकड़ाई पर मुझे आश्चर्य नहीं हुआ। आश्चर्य तो इस बात पर है कि इसी तरह के आरोपों पर अन्य राज्यों और केंद्र में क्या हो रहा है? क्या हमारे सारे मंत्री और अफसर दूध के धुले हैं? नेता लोग जो रिश्वत लेते हैं, उसका बड़ा हिस्सा प्रायः उनकी पार्टी के काम आ जाता है लेकिन उनकी देखादेखी जो अफसर रिश्वत खाते हैं, वे उसे पूरी तरह हजम कर जाते हैं। वे डकार भी नहीं लेते। झारखंड में अभी ऐसा ही एक मामला पकड़ा गया है। अफसरों की रिश्वतखोरी के कई मामले अभी भी सामने आ रहे हैं लेकिन ये तो फूल-पत्ते भर हैं। भ्रष्टाचार की असली जड़ तो नेताओं में निहित है। यदि नेता ईमानदार हों तो किसी अफसर की क्या हिम्मत कि वह रिश्वत लेने की इच्छा भी करे। जिस नौजवान को राजनीति में आगे बढ़ना है, उसे दो हथियार धारण करने जरुरी हैं। एक तो खुशामद और दूसरा रिश्वतखोरी! ये दोनों ही अत्यंत उच्च कोटि की कलाएं हैं।

# राजनीति से परे

शिव प्रकाश

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 8 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। अष्ट पूर्ति के इस वर्ष को भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण वर्ष के रूप में संपूर्ण देश में मना रही है। सुदूर ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्र में फैले समाज तक मोदी सरकार के संदेश को पहुंचाने के लिए भाजपा के लाखों कार्यकर्ता 15 दिन तक सक्रिय रहेंगे। प्रतिष्ठित नागरिक, किसान, महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक समाज तक अनेकों प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से गरीब कल्याण के संदेश को पहुंचाने का यह कार्य संपन्न होगा। देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बड़े प्रकल्पों का दर्शन युवाओं को कराने के लिए विकास तीर्थ यात्राओं का भी आयोजन होगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के द्वारा गत 8 वर्षों में देश के उत्थान के लिए अनेक अनुकरणीय पहल हुई है। मोदी जी के हृदय की संवेदना, उनकी सक्रियता, विकास के प्रति उनकी विशिष्ट दृष्टि, समस्याओं का सूक्ष्म अध्ययन, उचित समय पर उचित निर्णय आदि अनेक गुण उनको शेष से कुछ अलग एवं विशेष बनाते हैं। राजनीतिक नेता एवं दल का स्वभाव सामान्यत÷ एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक सोचना, येन-केन प्रकारेण चुनाव जीतने तक रहता है7 इसी कारण लोकलुभावन वायदे एवं योजनाएं ही राजनीतिक दल बनाते हैं। लेकिन मोदी जी ने 8 वर्षों में अनेक ऐसे निर्णय लिए हैं जिन्हें आगामी दशकों तक समाज स्मरण करेगा7 इन्हीं निर्णयों एवं कार्यों के कारण देश मोदी जी की सरकार को ÷वरदान÷ मानता है।

कोई भी देश तभी आगे बढ़ सकता है जब वहां के सभी नागरिक दैनिक जीवन में अनुशासन का पालन करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाह करें। अपने भाग्य का निर्णय कुछ नेताओं और दलों को सौपकर आलोचक वृत्ति अपनाने से आज तक कोई भी देश दुनिया में आगे नहीं बढ़ा। इसी सिद्धांत का स्मरण पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम हमको कराते थे। वे कहते थे कि भारत का नागरिक जब विदेश में जाकर वहां के नियमों का पालन कर सकता है, तब वही नागरिक भारत में आकर अपने हाथ का कचरा सड़क पर क्यों फेंकता है। मोदी जी ने स्वच्छता अभियान के माध्यम से संपूर्ण नागरिकों में इस कर्तव्य भाव को जगाया है। आज संपूर्ण देश में इसकी अनुभूति छोटे बच्चे से लेकर वृद्ध तक में की जा सकती है। हम अपने सार्वजनिक स्थलों में इस परिवर्तन को प्रत्यक्ष देख सकते हैं।

समाज में घटता लिंगानुपात संपूर्ण समाज के लिए एक विकट समस्या उत्पन्न कर सकता है। यह समस्या किसी एक दल की न होकर संपूर्ण समाज की है, इसका अनुभव करते हुए मोदी जी ने ÷बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ÷ के माध्यम से इसका समाधान का मार्ग सुझाया। सेल्फी विथ डॉटर, सुकन्या समृद्धि योजना आदि अनेक योजनाओं का परिणाम है कि लिंगानुपात में गुणात्मक परिवर्तन तो आया ही है, साथ ही साथ कन्या भ्रूण हत्या में कमी, शिक्षा, महिलाओं के प्रति सम्मान, बराबरी का अधिकार, निर्णयों में भागीदारी भी बढ़ी है। समाज में महिलाओं के प्रति देखने की दृष्टि में ही परिवर्तन हुआ है। उदाहरण ही देना हो तो मऊ जनपद (उत्तर प्रदेश) में लिंगानुपात 2014-15 694 से बढ़कर 2019-20 में 951 हुआ।

नमामि गंगे योजना से केवल गंगा ही नहीं, संपूर्ण देश की नदियों, जल एवं पर्यावरण के प्रति समाज की दृष्टि में परिवर्तन हुआ है। जल का सीमित उपयोग, जल की एक-एक बूंद का प्रयोग, जलसंधारण आदि सभी के प्रति जागरूकता आयी है। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर हमारे देश की जल की समस्या के समाधान में सहायक होंगे। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से की हुई खेती से उत्पन्न अन्न हमको बीमार बना रहा है। उत्तम स्वास्थ्य के लिए जैविक, प्राकृतिक खेती एवं गौ आधारित कृषि का बढ़ावा हमारे लिए अचूक रामबाण उपाय सिद्ध होगा। अर्थ संकल्प में स्वीकृत अब गंगा के किनारे 5 किलोमीटर का गलियारा प्राकृतिक खेती के लिए होगा एवं 20 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल जैविक खेती से युक्त होगा।

भ्रष्टाचार हमारे देश को दीमक की तरह खा रहा है। मोदी जी का यह संकल्प ÷न खाऊंगा, न खाने दूंगा÷ उनके पारदर्शी, सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता के संकल्प का स्मरण कराता है। भ्रष्टाचार रोकने के लिए तकनीक का प्रयोग, ई-बैंकिंग व्यवस्था, डीबीटी स्कीम सहायक बनी है। अब उचित व्यक्ति तक निश्चित धनराशि पहुच रही है। विकास श्रृंखला में आकांक्षी जिलों का विकास उनकी विकास के प्रति एक अलग दृष्टि को प्रकट करता है।

चिकित्सा क्षेत्र में आयुर्वेद का विकास एक सराहनीय पहल है। कोरोना के अनुभव ने आयुर्वेद को वैश्विक स्वास्थ्य समाधान के रूप में स्थापित किया है। आयुर्वेद में बजट का बढ़ाना, आयुर्वेद पर शोध एवं आयुर्वेद पर्यटन के माध्यम से विश्व भर में आयुर्वेद को स्थापित किया जा रहा है। आयुर्वेद के साथ ही साथ योग अब विश्व भर में लोकप्रिय विषय बना है। वैश्विक मांग की पूर्ति के लिए प्रशिक्षित योग सेना तैयार करने का प्रयास हो रहा है। 21 जून योग दिवस अब विश्व भर में स्थापित हुआ है। मास्को से माले तक 19 मिशनों एवं वाणिज्य दूतावासों में योग की शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। देशभर में खादी खरीदने के आग्रह के परिणाम स्वरूप खादी की बिक्री बढ़ी है। खादी के माध्यम से स्वदेशी, कुटीर उद्योग एवं रोजगार आदि सभी क्षेत्रों में लाभ हुआ है। कांग्रेस केवल खादी के नारे ही लगाती रही, मोदी जी ने पुनः देश में खादी को स्थापित कर दिया। 2014 में 66.81 लाख रुपये की बिक्री हुई , वही 13 नवंबर 2020 एक ही दिन में 111.40 लाख रुपये की बिक्री हुई है।

देश में उत्कृष्ट एवं रचनात्मक कार्यों के प्रोत्साहन के लिए पदम पुरस्कार महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा दिए जाते हैं। कुछ दशकों पूर्व पदम पुरस्कार का राजनीतिकरण विवाद का विषय बना था। प्रधानमंत्री मोदी जी ने इस प्रक्रिया को बदला। अब पुरस्कार के लिए व्यक्ति की पहचान नहीं बल्कि उसके कार्य की पहचान आधार बन गया है। अब किसानों, गांव एवं कस्बों में रहने वाले गुमनाम लोग को पदम पुरस्कारों से सम्मानित किया जा रहा हैं। मैला ढोने वाली अलवर राजस्थान की महिला उषा चौहान पदम श्री पाकर अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रही हैं।

देश में लाल बत्ती के उपयोग पर प्रतिबंध लगाकर वीआईपी होने की मानसिकता पर ही मोदी जी ने प्रहार किया। उनका मानना है कि जिस नियम एवं अनुशासन के पालन की अपेक्षा सभी देश के नागरिकों से है, वही जनप्रतिनिधि को भी पालन करना चाहिए। जनप्रतिनिधि सेवा भाव से ही विचार करें इसका संदेश भी स्वयं मेट्रो ट्रेन मे यात्रा करके मोदी जी ने दिया है। समाज की कसौटी पर खरा उतरना, सदैव जवाब देह रहना जनप्रतिनिधियों को मोदी जी का सतत संदेश है। परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। इस कारण परिवारवाद पर प्रहार करते हुए लोकतंत्र को समृद्ध करने के प्रयास हुए है। नई पीढ़ी को समाविष्ट करने के लिए युवाओं को आगे लाना, न्यू इंडिया के मोदी जी के संकल्प को समृद्ध करता है।

मन की बात देशभर में सकारात्मक ऊर्जा संचार का माध्यम बनी है अच्छे व्यक्तियों के कार्यों को आगे लाना, सकारात्मक प्रयोगों की चर्चा, उत्सवों का महत्व, महापुरुषों के प्रति श्रद्धा आदि विषय समाज के सामने मन की बात के माध्यम से आए हैं। युवाओं को प्रेरणा देने वाले अनेक प्रयोगो की चर्चा, मन की बात में हुई है। एक भारत- श्रेष्ठ भारत का भाव जगा है। धारा 370 एवं 35-ए हटाकर देश की एकता को सुदृढ़ करने का ऐतिहासिक कार्य हुआ है। हमारी सनातन संस्कृति का लोक कल्याणकारी स्वरूप विश्व के प्रति हमारा वसुधैव कुटुंबकम का संदेश अपने भाषणों के माध्यम से सदैव विश्व भर में मोदी जी ने दिया है।

## संतोष का मार्ग

एक ऋषि अपने शिष्य कपिल के साथ श्रावस्ती नरेश के पास गए। ऋषि से मिलकर नरेश प्रसन्न हुए और उनके आदर-सत्कार में लग गए। इधर कपिल एक सेविका के रूप पर मुग्ध हो गया। उस सेविका ने कपिल से विवाह करने से पहले महंगे कपड़े और गहने मांगे। कपिल यह सब देने में असमर्थ था। सेविका ने इसकी व्यवस्था का तरीका बताते हुए कहा कि जो श्रावस्ती नरेश का प्रातःकाल सर्वप्रथम अभिवादन करता है, उसे वे दो स्वर्ण मुद्राएं प्रदान करते है। कपिल रात बीतने के पहले ही नरेश के शयनकक्ष में घुसने लगा मगर चोर समझकर द्वारपालों ने उसे पकड़ लिया। नरेश के सामने उसने सब बातें सच-सच कह दीं। उसके भोलेपन पर प्रसन्न हो नरेश ने उसकी मुंहमांगी चीज देने का वचन दिया। कपिल ने एक दिन का समय मांगा। सोचने लगा, दो स्वर्ण मुद्राएं तो कम हैं, क्यों न सौ मांग लूं, पर वे भी कितने दिन चलेंगी। उसने पूरा राज्य ही मांग लिया। श्रावस्ती नरेश निस्संतान थे, उन्हें योग्य व्यक्ति की तलाश भी थी। उन्हें कपिल योग्य लगा। वह बोले- तुमने मेरा उद्धार कर दिया। मैं तृष्णा रूपी सर्पिणी के पाश से छूट गया। यह सुनकर कपिल का विवेक जाग्रत हो गया। वह बोला- महाराज, आप जिस दलदल से निकलना चाहते हैं, उसी में मैं गिरना नहीं चाहता। मुझे कुछ नहीं चाहिए। वह ऋषि के पास गया और उनसे सब कुछ कह डाला। ऋषि बोले- कामनाओं का कहीं अंत नहीं होता, इसलिए जितना अपने परिश्रम और ईश्वर कृपा से मिल जाए, उसी में प्रसन्न व संतुष्ट रहना चाहिए।

# 'कूलिंग ऑफ पीरियड'' का कानून कब बनाओगे सरकार?

आराधना भार्गव

देश की सबसे बड़ी अदालत ने 'कूलिंग ऑफ पीरियड' का कानून बनाने की जिम्मेदारी विधायिका पर छोड़ दी है, मतलब स्पष्ट है कि कानून बने तब जाकर ही चुनाव प्रक्रिया में सुधार का नया दौर शुरू हो सकता है। हालाकि चुनाव आयोग 'कूलिंग ऑफ पीरियड' तय करने के पक्ष में रहा है लेकिन महज सुझाव तक ही बात आकर अटक गई। कई साल पहले भाजपा के दिवंगत नेता अरूण जेठली जी ने तो जजों के लिए भी कूलिंग ऑफ पीरियड के कानून की वकालत की थी। उनका कहना था कि जजों की सेवा निवृत्ति के पहले दिये गये फैसले सेवा निवृत्ति के बाद मिलने वाले फायदों से प्रभावित होते हैं। रामलला की जन्मस्थली अयोध्या का फैसला भी माननीन स्वर्गीय अरूण जेठली जी की इच्छा के विरूद्ध दिया गया फैसला है, ऐसा हम मान सकते हैं। सेवा निवृत्ति के तत्काल बाद, सेवा निवृत्त न्यायधीश को अहम पदों पर नियुक्तियाँ मिलने लगी हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश को भी सेवा निवृत्ति के बाद राज्य सभा में भेजने के पश्चात्, देश में उंगलियाँ उठना शुरू हो गई, तथा देश में यह संदेश भी गया कि शासन के पक्ष में फैसला करने पर न्यायधीशों को सरकार कैसे पुरूस्कृत करती है? देश को आशा थी की कानून के ज्ञाता राज्यसभा में पहुँचे हैं, तो यूएपीए जैसे कानून बनने के पूर्व वे भारत के संविधान के मौलिक अधिकार एवं प्राकृतिक न्याय के खिलाफ बनने वाले कानून पर अपनी सख्त प्रतिक्रिया देंगे तथा सदन को ढप्प कर देंगे, परन्तु दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि उनकी सदन में बोलते हुए तस्वीर भी इस देश की जनता ने नही देखी। इस देश में कानून, देश की जनता के हित के लिए बनाये जाते हैं, कानून के लिए जनता नही बनाई जाती, इस फर्क को हमारी विधायिका को समझना होगा। मिशाल के तौर पर छिन्दवाड़ा में जिलाधीश के पद पर कार्यरत अधिकारी जिन्हें बाद में कमिश्नर के पद पर नवाजा गया। मॉचागोरा बाँध के प्रभावित किसानों के साथ जमकर धोखाधड़ी की गई, आन्दोलनकारियों को जेल के अन्दर भेजा, मॉचागोरा बाँध में भ्रष्टाचार की नदियाँ बहाई, आज भी मॉचागोरा बाँध उनके नाम पर सिसक रहा है। नहरें नदारत है पॉलिथिन बिछाकर किसानों को पानी दिया जा रहा है उस पर भी नहरें फूटकर किसानों के खेत में दलदल में तबदील हो रही है। विश्वत सूत्रों से जनकारी मिली है कि महोदयजी के सेवा निवृत्त होने के पश्चात् एक पार्टी ने उनकी सदस्यता ग्रहण करा ली है और निकट भविष्य में विधान सभा का चुनाव लड़ने हेतु टिकिट भी दी जाने वाली है। सरकार चाहे किसी भी दल की हो, सत्ता में बदलाव के साथ ही नौकरशाही में फेर बदल की प्रक्रिया साफ तौर पर यह दर्शाती है कि दल के प्रति निष्ठावान व्यक्तियों को ही स्थान मिलता है। जब कोई नौकरशाह अचानक किसी दल के साथ बतौर उम्मीद्वार सामने आता है तो उसके कार्यकाल को लेकर भी राजनीतिक दलों से प्रभावित होने का संदेह उठ खड़ा होता है। आम जनता के बीच में यह चर्चा का विषय मेरे ख्याल से इसलिये नही बन पाता कि लोग सोचते हैं जिलाधीश या न्यायाधीश, पुलिस अधिक्षक आदि पदों पर आसीन व्यक्ति राजनीति में पदार्पण करेगा तो देश तरक्की करेगा, लेकिन वास्तविक स्थिति कुछ और है, नौकरशाह जब अचानक राजनीति में पदार्पण करते है तो उन्हें देश के अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति का दर्द और पीड़ा का एहसास नही होता। कानून का ज्ञान तो उन्हें अवश्य होता है क्योंकि उन्होंने कानून का अध्ययन किया है, लेकिन समाज का अध्ययन ना किये जाने के कारण समाज का ज्ञान उन्हें नही होता। नौकरशाह आज भी निष्पक्ष होकर अपना काम नही कर पाते विधायिका के इशारों पर कार्यपालिका काम करती है और इसी कारण नौकरशाहों को समाज के अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति की तश्वीर भी दिखाई नही देती और इसी कारण वे संसद में पहुचकर तार्किक तरीके से बनने वाले कानून पर अपनी प्रतिक्रिया नही दे पाते। क्योंकि समाज का अध्ययन वे नही करते। हमें हमारे देश में समाज का अध्ययन करके कानून बनाने वालों की आवश्यकता है जैसे कि स्वर्गीय मधु लिमये जी करते थे। मधु लिमये जी पर लगभग झूठे 32 मुकदमें लादे गये अपने प्रक्ररण की पैरवी वे स्वयं करते थे, जब वे पैरवी करते थे तब न्यायाधीश मंत्र मुग्ध होकर उनकी बातों को सुनते थे उनके द्वारा की गई बहस पर निर्णय में प्रतिक्रिया भी देते थे। दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज की विधायिका कानून बनाने में कोई रूचि नही लेती, इस कारण नौकरशाह कानून बना रहे हैं, जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ रहा है।

# चीन-अमेरिका में ठनी

## सूडोकु नवताल- 6082

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6081 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सिद्धार्थ शंकर

जापान में क्वाड समिट से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन को ताइवान के मसले पर कड़ा संदेश दिया है। जो बाइडेन ने कहा कि यदि ताइवान पर चीन हमला करता है तो फिर अमेरिका उसका जवाब देगा। उन्होंने कहा कि ऐसा होने की स्थिति में अमेरिका की ओर से ताइवान को सैन्य मदद दी जाएगी। यही नहीं उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि चीन खतरे से खेलने का प्रयास कर रहा है। बाइडेन ने कहा कि यह हमारा कमिटमेंट है कि ताइवान की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि वन चाइना पॉलिसी को लेकर सहमत हैं, लेकिन किसी भी क्षेत्र पर यदि चीन की ओर से जबरन कब्जा किया जाता है तो फिर उसका जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम वन चाइना पॉलिसी से सहमत हैं। हमने उस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन बलपूर्वक कुछ भी हथियाने का काम चीन करता है तो वह ठीक नहीं होगा। चीन को लेकर बाइडेन का यह बयान यूक्रेन में रूस को न रोक पाने की विफलता है। अब अमेरिका ताइवान के बहाने उस प्रतिष्ठा को फिर से हासिल करना चाहता है, जो उसने यूक्रेन मसले पर गंवाई है। यूक्रेन जंग से पहले तक अमेरिका के भरोसे रहा। अमेरिका भी यूक्रेन को मदद का भरोसा देता रहा, लेकिन रूस ने देखते-देखते यूक्रेन को खंडहर में तब्दील कर दिया। अमेरिका की किरकिरी के बीच कई छोटे देश अपनी योजना बदलने पर मजबूर हुए। बाइडेन इसकी गंभीरता को समझते हैं। इसीलिए उन्होंने चीन के साथ रूस को



लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि यूक्रेन में बर्बरता की कीमत व्लादिमीर पुतिन को चुकानी होगी। रूस को लंबे वक्त तक इसकी कीमत अदा करनी होगी। उन्होंने कहा कि यह बात सिर्फ यूक्रेन को लेकर ही नहीं है। अब जो बाइडेन के इस रुख पर चीन भी भड़क सकता है। वह पहले भी कई बार अमेरिका को ताइवान की मदद के मामले में चेतावनी दे चुका है। चीन की विस्तारवादी सोच का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह ताइवान को अपना हिस्सा बताता है। चीन अक्सर ताइवान की सीमा में घुसने की फिराक में रहता है। इसके साथ ही चीन दक्षिणी चीन सागर के अधिकतर हिस्से को अपना बताता है। ताइवान के मुद्दे पर चीन और अमेरिका के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन ताइवान और चीन के आपसी कारोबार में हाल में तेज गति से वृद्धि हुई है। बीते वित्त वर्ष में ताइवान ने चीन को 270 बिलियन डॉलर के बराबर का निर्यात किया। यह ताइवान के सालाना सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 40 फीसदी था। ताइवान की जीडीपी पिछले साल 668 बिलियन डॉलर की थी। इस बीच चीन में ताइवान का निवेश बढ़ कर 200 बिलियन डॉलर की सीमा पार कर गया है। अब ताइवान चीन में सबसे बड़े विदेशी निवेशकों में एक बन गया है। 1991 से मई 2021 तक ताइवान के 44,577 निवेश प्रस्ताव चीन में मंजूर हुए। इनके तहत 193.51 बिलियन डॉलर का निवेश हुआ। ताइवान से चीन को सबसे ज्यादा निवेश कंप्यूटर चिप का हो रहा है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के समय लगाए गए व्यापार प्रतिबंधों के बाद से चीन के सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए ताइवान एक बड़ा सहारा बन गया है। चीन में इस समय जितने चिप फैब्रिकेशन इंजीनियर काम कर रहे हैं, उनमें लगभग 20 प्रतिशत ताइवानी हैं। ये लोग चीन में चिप निर्माण की सुविधाएं तैयार करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। ताइवान ने चिप उद्योग में जो विशाल निवेश किया है, उसकी सफलता चीन से आने वाली मांग पर निर्भर है। 2020 में चीन ने ताइवान से 350 बिलियन डॉलर के चिप का आयात किया था। चिप का फिलहाल जितना बड़ा बाजार चीन में है, उतना इस समय दुनिया में कहीं और नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर चीन के लिए ताइवानी निर्यात में बाधा पड़ी, तो ताइवान के चिप उद्योग को बहुत बड़ा नुकसान झेलना होगा। उधर चीन के इलेक्ट्रॉनिक उद्योग को भी इससे उसी पैमाने पर क्षति होगी। फिलहाल चीन की ताइवान पर निर्भरता इतनी ज्यादा है कि ताइवान पर हमला करना उसके हित में नहीं होगा।

# भगवान श्री विमलनाथ जी का गर्भ कल्याणक

अरविन्द प्रेमचंद जैन

बारहवे तीर्थन्कर को मोक्ष पधारे हुए जब बहुत काल व्यतीत हो चुका था , तब माघ शुक्ल त्रतीया के दिन तेरहवे तीर्थन्कर श्री विमलनाथ जी का जन्म हुआ कम्पिलपुर के राजा ऋतवर्मा एवम उनकी महारानी श्यामादेवी को प्रभु के जनक - जननी होने का परम -सौभाग्य प्राप्त हुआ विमलनाथ जी ने यौवन मे पदार्पण किया माता-पिता ने अनेक सुन्दर राजकन्याओ से उनका पाणिग्रहण कराया पिता के पश्चात उन्होने राजपद का दायित्व भी वहन किया अपने विमल शासनकाल मे विमलनाथ का विमल सुयश चतुर्दिक प्रस्रत हुआ

माघ शुक्ल चतुर्थी के दिन महाराज विमलनाथ , मुनि विमलनाथ बने , अर्थात प्रव्रजित हुए तप और ध्यान की साधना मे निमग्न रहते हुए दो वर्ष पश्चात पौष शुक्ल षष्ठी के दिन प्रभु केवली बने तीर्थ की रचना कर तीर्थन्कर पद को उपलब्ध हुए

मन्दर नामक मुनि प्रभु के ज्येष्ठ शिष्य और प्रमुख गणधर थे उनके अतिरिक्त चौपन गणधर और भी थे धर्म-परिवार मे अड्सठ हजार साधु ,एक लाख आठ सौ साध्विया ,दो लाख आठ हजार श्रावक एवम चार लाख चौबीस हजार श्राविकाए थी त्रतीय बलदेव भद्र एवम स्वयन्भु नामक वासुदेव प्रभु के अनन्य भक्त थे

आषाढ ऋष्णा सप्तमी के दिन सम्मेदशिखर पर्वत से मोक्ष प्राप्त किया

एतिहासिक काल 1.6 म 10211 वर्ष पूर्व

गृहस्थ जीवन,वंश इक्ष्वाकु,पिता कृतवर्मन,माता श्यामा

पंचकल्याणक

जन्म स्थान काम्पिल,मोक्ष स्थान सम्मेद शिखर

लक्षण,रंग स्वर्ण,चिन्ह सुअर ऊंचाई 60 धनुष (180 मीटर),आयु 60,00,000 वर्ष

शासक देव,यक्ष षण्मुख,यक्षिणी विदिता

गरभ जेठ बदी दशमी भनो, परम पावन सो दिन शोभनो

करत सेव सची जननीतणी, हम जजें पदपद्म शिरौमणी

? ह्रीं ज्येष्ठकृष्णादशम्यां गर्भमंगलप्राप्ताय श्रीविमलनाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं0

भगवान के चिन्ह का महत्व

शूकर -भगवान विमलनाथ के चरणों में शूकर का प्रतीक पाया जाता है शूकर प्राय÷ मलिनता का प्रतीक है ऐसे मलिन व्रत्ति वाला पशु विमलनाथ भगवान के चरणों में जाकर आश्रय लेता है तो वह शुकर 'वराह ' कहलाने लगता है एक समय ऐसा आता है जब भगवान विष्णु भी वराह का रूप धारण कर दुष्ट राक्षसों का संहार करने लगते हैं।

# प्राइवेट डॉक्टर को ब्लैकमेल कर लूट डकैती करने वाले बदमाश दो महिलाओं के साथ गिरफ्तार

### वृद्ध डॉक्टर की षड्यंत्र पूर्वक बनाई अश्लील वीडियो, वायरल करने की दी थी धमकी



**मुरैना।** सुमावली कस्बे में प्राइवेट क्लीनिक चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले आरएमपी डॉक्टर को दूसरे पड़ोसी डॉक्टर ने ब्लैकमेल करने के लिए षड्यंत्र रचा और अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर डॉक्टर का अपहरण किया तथा ब्लैकमेल कर लाखों रुपए लूट लिए। परेशान वृद्ध डॉक्टर ने अपने रिश्तेदारों को पूरा घटनाक्रम बताया और सिविल लाइन थाने पहुंचा। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मामला दर्ज किया एवं तत्परता पूर्वक कार्रवाई करते हुए 2 महिलाओं सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से हजारों रुपए नकदी एवं अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देश पर सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने अपनी टीम के साथ वृद्ध डॉक्टर को ब्लैकमेल कर लूट डकैती करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मोनू पुत्र बलवीर कुशवाह 20 वर्ष निवासी गदालपुरा, संतोष पुत्र सुग्रीव कुशवाह 22 वर्ष निवासी कोढेरा कैलारस, लक्ष्मी पत्नी मोनू कुशवाह 20 वर्ष, बादामी पत्नी बलवीर कुशवाह 55 वर्ष एवं बजरंग क्लीनिक का संचालक डॉ लायक सिंह और भूरा कुशवाह निवासी बड़ापुरा महाटोली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20 हजार रुपए, सोने की दो अंगूठी, एक मोटरसाइकिल 315 बोर का कट्टा एवं कारतूस बरामद किया है तथा न्यायालय में पेश कर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

ज्ञातव्य हो कि जौरा निवासी रमेश पांडेय पुत्र सुंदर लाल पांडेय 57 वर्ष ने 24 मई मंगलवार को सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और बताया कि वह सुमावली कस्बे में मिडिल स्कूल के सामने स्वयं की पांडेय क्लीनिक संचालित करता है तथा उसके पास जन स्वास्थ रक्षक नाम से सर्टिफिकेट है, पास में ही बजरंग क्लीनिक संचालित करने वाले प्राइवेट डॉ लायक सिंह कुशवाह उर्फ भूरा पड़ोसी होने के नाते आए दिन मेरे मोबाइल से किसी महिला को फोन करता था। 16 मई को जिस दिन लायक सिंह ने महिला को फोन किया, उसी दिन शाम को 5 बजे महिला ने मेरे मोबाइल नंबर पर कॉल किया और अश्लील बातें करने लगी तथा मना करने पर भी उल्टी-सीधी बातें करती थी। महिला ने फोन पर डॉ रमेश पांडेय को बताया कि वह जौरी रोड ऋषि गालव कॉलेज के पास रहती है। श्री पांडये द्वारा उसको कई बार मना किया गया कि वह वृद्ध है और फोन ना लगाया करें, लेकिन इसके बावजूद भी वह फोन करती रही। 18 मई को मेरे चाचा सियाराम पांडेय के लड़के पवन की लड़की रितु पांडेय की शादी थी और डॉ रमेश पांडेय शादी में सम्मिलित होने के लिए क्लीनिक से अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल एमपी 06 एमडब्ल्यू 1995 से मुरैना के लिए निकला। तभी डॉ लायक सिंह मुझसे बोला कहां जा रहे हो, डॉ पांडेय ने कहा कि शादी में जा रहा हूं, जैसे ही डॉ पांडेय महाराजपुर नहर की पुलिया के पास पहुंचे तो दो व्यक्ति मिले और रास्ता रोक लिया। दोनों ने गाड़ी से नीचे उतारकर मुझे बीच में बैठा लिया और पकड़ कर ले गए। रास्ते में बांसी की पुलिया की ओर ले जाने लगे तथा विरोध करने पर कट्टा निकाल कर अड़ा दिया तथा जौरी नरूआ के पास एक मकान में ले गए। जहां एक बुजुर्ग महिला एवं एक नई उम्र की युवती मौजूद थी। सभी आरोपियों ने मिलकर मेरा अश्लील वीडियो बनाया और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर तीन चार बार मैं लाखों रुपए ले लिए। डॉ पांडेय मानसिक रूप से काफी टेंशन में आ गए थे और फिर उन्होंने यह बात अपने भानजे सौरव मुद्गल एवं भतीजे जितेंद्र पांडेय, कमलेश पांडेय को बताई और उनके साथ सिविल लाइन थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

## मलेरिया के लक्षण होने पर तुरन्त चिकित्सक को दिखायें: सिविल सर्जन

**मुरैना।** मलेरिया जैसी घातक बीमारियों से लोगो को जागरूक करना एवं मलेरिया के लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराकर नजदीकी चिकित्सक को दिखकर उपचार कराएं। सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता ने आम नागरिकों से कहा है कि किसी भी व्यक्ति को बुखार के साथ सर्दी, कपकपी, बदन दर्द, सरदर्द, उल्टी आदि लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक को दिखाए और अपना उपचार काराएं। डॉ. गुप्ता ने कहा कि मच्छरों के काटने से बचे एवं मच्छरों के प्रजनन स्थलों कूलर, पानी की टंकी, गमले के नीचे की प्लेट, प्लास्टिक के कंटेनर, घर की छत एवं जहॉं भी पानी भरा हो उसे नियमित 7 दिवस के भीतर साफ करें।



## वृहद लोक अदालत का आयोजन 9 जुलाई को

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल एवं समस्त जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरमों में 9 जुलाई 2022 को वृहद लोक अदालत का आयोजन किया जाना निश्चित किया गया है। वृहद लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु इच्छुक पक्षकार, अधिवक्तागण राज्य आयोग एवं जिला आयोगों के द्वारा निर्धारित प्रीसिंटिग में अपने आवेदन प्रकरण क्रमांक और आगामी नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकते है।

## आयुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस 1 जून को

**मुरैना।** कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में ग्वालियर-चंबल (मुरैना) संभाग की वीडियो कॉन्फ्रेसिंग 1 जून को पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 2 बजे तक मंत्रालय भोपाल बल्लभ भवन प्रथम कक्ष क्रमांक 117 से की जायेगी। समस्त संबंधित अधिकारी अपने संभाग या जिला मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस में अनिवार्यतः उपस्थित रहें।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का होगा आयोजन

**कैलारस।** प्रातः 6 से प्रातः 8 बजे तक स्थान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलारस में ग्रीष्मकालीन खेल शिविर आयोजित किया जावेगा। खेल संचनालय से मिली जानकारी के अनुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण योग्य प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।

# गुड्डा गुर्जर गैंग को आश्रय देने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना।** नूराबाद थाना पुलिस ने चंबल संभाग मैं आतंक मचाने वाले नाम डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग के चार आश्रय दाताओं को लोहगढ़ के जंगल से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कारतूस एवं दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया है।

चंबल संभाग पुलिस की ओर से डकैत गुड्डा गुर्जर पुत्र दाताराम गुर्जर निवासी लोहागढ़ पर 60 हजार रुपए का इनाम घोषित है और उसकी गतिविधियों के कारण ग्रामीण इलाकों में लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देश पर एसडीओपी बानमोर के निर्देशन में डकैत गुड्डा गुर्जर के आश्रयदाताओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत नूराबाद थाना प्रभारी शैलेंद्र गोविल को मुखबिर से सूचना मिली कि डकैत गुड्डा को रसद पहुंचाने वाले चार आरोपी लोहगढ़ के पीछे जंगल में स्थित पहाड़ी के पास देखे गए हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 4 आश्रयदाताओं को गिरफ्तार कर उनके बैग से 10 जिंदा कारतूस 315 बोर एवं दैनिक उपयोग का सामान आटा, दाल, नमक, बीड़ी, माचिस आदि जप्त कर डकैत अधिनियम एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पकड़े गए आश्रय दाताओं में इंदल सिंह गुर्जर, दिलीप गुर्जर, खिलाई गुर्जर एवं सुरेंद्र गुर्जर निवासी लोहगढ शामिल हैं।




# गर्मी में लू से बचाव के लिए खूब पानी पिएं: डॉ राकेश शर्मा

### सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, लू के लक्षण



**मुरैना।** ग्रीष्म ऋतु में लू लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती है। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म- लाल एवं शुष्कत्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना इसके प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे गर्मी व लू से बचाव के लिए खूब पानी पिएं व खाली पेट न रहें, शराब व केफिन के सेवन से बचें, ठण्डे पानी से नहाएं, सर ढके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहने, बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़े, दिन में 12 से 04 के मध्य बाहर जाने से बचें, धूप में नंगे पॉव न चलें, बहुत अधिक भारी कार्य न करें। डॉ. शर्मा ने कहा कि ओआरएस का घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस आदि का सेवन लाभदायक होता है। ये सभी उपाय कर हम लू से बच सकते हैं।



## आजीविका मिशन से जुड़कर श्रीमती कालेन्द्री देवी ने पकड़ा तरक्की का सफर

**मुरैना।** पोरसा विकासखंड के ग्राम सेंथरा अहीर निवासी श्रीमती कालेन्द्री देवी पत्नी मनोज सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर मेरी तरक्की के द्वार खुल गये हैं। अब मैं पूरी तरह से घर-गृहस्थी के खर्च में पति का भरपूर सहयोग कर रही हूं। सेंथरा अहीर निवासी श्रीमती कालेन्द्री देवी ने बताया कि एक वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा ग्राम सेंथरा अहीर में नमन स्व-सहायता समूह का गठन किया था। जिसकी अध्यक्ष श्रीमती ऊषा जाटव को बनाया गया। अध्यक्ष श्रीमती ऊषा जाटव द्वारा समूह की 13 महिलाओं की बैठक लेकर उन्हें नये नवाचार, समूह की जानकारी, बचत करने नुस्खे आदि बताये जाते थे। श्रीमती कालेन्द्री देवी ने कहा कि मेरे मन में भी समूह से जुड़ने के लिये इच्छा जाहिर हुई, मैंने भी अपना नाम दर्ज करवा लिया। अध्यक्ष ने मुझे समूह का सचिव का पद प्रदान कर दिया। सभी महिलाओं की बचत से बैंक में अच्छी खासी रकम इट्ठी हो गई। एक वर्ष बाद समूह को शासन द्वारा भी एक लाख रूपये की राशि प्राप्त हुई। इसके अलावा बैंक ने भी समूह को ब्याज दिया। समूह की महिलायें आपस में समूह की अध्यक्ष से कर्ज के बतौर राशि लेने लगी, जिसमें मैंने भी 50 हजार रूपये की ऋण बैंक के द्वारा अध्यक्ष से लिया। मैंने एक लाख रूपये की बचत करके डेढ़ लाख रूपये में ई-रिक्शा (टमटम) क्रय करवा ली। क्योंकि मेरे पति दूसरों की मजदूरी करते थे और उनको कभी मजदूरी मिली, कभी तो मजदूरी भी नहीं मिलती थी, तो उनको वापस घर लौटना पड़ता था।



# लाइन सुधारने डीपी पर चढ़े संविदा कर्मचारी की करंट से दर्दनाक मौत

**मुरैना।** अंबाह थाना क्षेत्र के ग्राम पाराशर की घड़ी में बुधवार की सुबह खंबे पर लाइट सुधारने के लिए चढ़े संविदा कर्मचारी की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। विद्युत महकमे द्वारा अनुभवहीन इलेक्ट्रिशियन संविदा पर भर्ती कर लिए गए हैं और वह आए दिन ऐसी दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। अभी हाल ही में सिहोंनिया क्षेत्र में भी एक संविदा विद्युत कर्मचारी की मौत हुई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जयचंद सिंह तोमर 45 वर्ष बुधवार की सुबह 11 बजे ग्राम पाराशर की गढ़ी में एक खंबे पर गांव की लाइट सुधारने के लिए चढ गया और सुरक्षा के लिए हाथों में कोई दस्ताने नहीं पहने था। बिजली सुधारते समय अचानक करंट लगने से उसकी वहीं मौके पर चिपक कर मौत हो गई। पुलिस के लिए जांच का विषय है कि लाइनमैन जयचंद जब खंबे पर लाइट सुधारने के लिए गया, तब उसने परमिट लिया या नहीं या फिर परमिट लिया तो किस कर्मचारी की लापरवाही हो सकती है। फिलहाल अंबाह थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। विदित हो कि मुरैना जिले में संविदा पर रखे गए इलेक्ट्रीशियन आए दिन अपनी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं और विद्युत अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे। स्थाई रूप से विद्युत महकमे मैं पदस्थ लाइनमैन एवं विद्युत कर्मचारी अपना काम भी अब संविदा कर्मचारियों को सौंप देते हैं, जबकि उन्हें यह अच्छी तरह मालूम है कि वह इतने ट्रेंड नहीं है, फिर भी उन्हें बलि का बकरा बनाया जा रहा है। समय रहते इस विषय पर वरिष्ठ अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो कई और अनुभवहीन संविदा कर्मचारियों की जान जा सकती है।



# प्रदेश कार्यालय में संभाग स्तरीय बैठक में पुनः प्रदेश में भाजपा सरकार स्थापित का संकल्प लिया।






**रायपुर –** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के प्रदेश महामंत्री श्रीमती विभा अवस्थी ने बताया कि आज भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा कि रायपुर संभाग की बैठक आज भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आहूत की गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। साथ ही श्रीमती विभा अवस्थी प्रदेश महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ ने कहा कि आगामी वर्ष 2023 में होने वाले मिशन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के विचारों को एवं केंद्र भाजपा सरकार श्री नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री सरकार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है और प्रदेश की कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर करना है आज प्रदेश में चारों तरफ किसान ,युवा, महिला, पुरुष सभी परेशान है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मिशन 2023 के लिए अभी से जुट जाएं। प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर असफल है और ऐसी असफल सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रत्येक महिला कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में आए दिन लूटमार, हत्या, डकैती, अपहरण, छेड़छाड़ एवं दुराचार की घटनाएं घटित हो रही है लेकिन प्रदेश की सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर सत्ता का आनंद ले रही है।इन सभी समस्याओं को लेकर सरकार मूकदर्शक मौन बनी हुई है आज प्रदेश में महिलाओं की अस्मिता पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजधानी रायपुर में एक युवती को सरेआम गोली मार दी जाती है, अंबिकापुर जिले की मणिपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम थोर के पहाड़ी टेकरी में एक युवक को बंदी बनाकर उसकी महिला मित्र के साथ सामूहिक दुराचार किया जाता है, मणिपुर पुलिस चौकी के पास ही एक युवती की हत्या कर उसकी शव को फेंक दिया जाता है, तो वहीं भिलाई एवं बालोद में नाबालिग लड़कियों के साथ दुराचार की घटनाएं घटित होती है। वही बिलासपुर में एक दसवीं की छात्रा को शराब पिलाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया जाता है। लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपराधियों को खुला छूट देकर इस तरह की घटना में संलिप्त लोगों को संरक्षण देने का कार्य कर रही है, इन सब विषय को लेकर बैठक में गंभीर चर्चा हुई जिसकी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा घोर निंदा करती है एवं प्रदेश में दहशत फैलाने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार को सबक सिखाने के लिए जुट गई है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मीनल चौबे ममता साहू विभा अवस्थी संगीता शर्मा भावना भोरा किरण बघेल बिंदु महेश्वरी आशा दुबे सीमा साहू अंजू नायक बिथीका विश्वास सुलोचना साहू कौशल्या बंसल सभी संभाग से जिले की मंडल अध्यक्ष बहनो सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रही।

आज इस प्रदेश स्तरीय संभाग बैठक का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर के सभागृह में किया गया इस बैठक का संचालन श्रीमती विभा अवस्थी जी के द्वारा किया गया और कहा कि सभी माता, बहनों, सभी ने संकल्पित हो कर आवाहन किया कि हमें पुनः प्रदेश में भाजपा की सरकार बनानी है जन विरोधी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंक कर भाजपा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## स्वर्गीय कमलेश सक्सेना शहर के जन्मदिन के उपलक्ष में जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ने श्रद्धांजलि दी



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** शहर की जानी पहचानी हस्ती श्रीमती कमलेश सक्सेना जो कि तात्या टोपे फिजिकल स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी और एक का जानी पहचानी कवियत्री जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के एस एम ए की मेंबर की 20 मई को इलाज के दौरान दिल्ली एम्स में मृत्यु हो गई है उनके इस दुनिया से चले जाने के कुछ दिन बाद ही यानी आज 25 मई को उनका जन्मदिन होता है अतः शिवपुरी स्वर्णा के सदस्यों ने तात्या टोपे प्रांगण में एकत्रित होकर अपने क्लब की सदस्य को श्रद्धांजलि देकर बहुत ही भावभीनी श्रद्धांजलि दी एवं सभी ने अश्रुपूरित नेत्रों से उनको याद किया इसमें ऐसे में डायरेक्टर प्रियंका शिवाय जेसीआई सेक्रेटरी जैसी रश्मि गोयल हमारी पत्रकार आरती जैन रुचि मंगल अनु अग्रवाल नंदा खंडेलवाल नन्दा खंडेलवाल और रिजवाना खान शामिल हुई।

## अखिल भारतीय कोली समाज ने दिया धरना

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी–** अखिल भारतीय कोली समाज जिला शिवपुरी द्वारा ग्राम बांमोर कला तहसील खनियाधाना पर श्रीमान एस डी एम महोदय श्री जे पी गुप्ता जी द्वारा कबीर आश्राम बामोरकला पर बगैर सूचना नोटिस दिए, पुलिस प्रसासन राजस्व निरीक्षक पंचायत सचिव द्वारा तस्वीर को फेक दिया गया ओर आश्राम में ताला डाल दिया,समाज के ब्यक्तियों द्वारा बताया गया कि हम लोगो को ग्राम पंचायत से अनुमति प्राप्त थी,जबकि कुछ लोगो की वातो में आकर, गलत तरीके से,हम लोगो के ऊपर कार्यवाही की गई है, एस डी एम श्री गुप्ता जी पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए,कहा कि विशेष वर्ग के लोगो को संरक्षण दे रहे हैं, ओर हम लोगो को प्रताणित कर रहे हैं, श्रीमान जिलाधीश महोदय शिबपुरी को ज्ञापन देते समय, कार्यवाहक अध्यक्ष सजंय कबीर एव कोली समाज के लोगो ने कहा कि एस डी एम पिछोर श्री जे पी गुप्ता को बरखास्त कर,सख्त कार्यवाही की जावे,एव सम्मान पूर्वक सदगरू कबीर साहेव की की मूर्ति स्थापित की जावे,यदि कार्यवाही नही होती है, तो पूरे मध्यप्रदेश में आंदोलन होगा



## विश्वकर्मा जन संगठन मध्यप्रदेश द्वारा ग्वालियर में टीशर्ट पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई गई

**महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**ग्वालियर।** शहर में गेंडे वाली सड़क स्थित प्राचीन विश्वकर्मा मंदिर मैं विश्वकर्मा समाज के 51 लोगों को टीशर्ट पहनाकर विश्वकर्मा जन संगठन मध्यप्रदेश के नेतृत्व मैं प्राथमिक सदस्यता दिलाई तथा संगठन के सदस्यों द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । सदस्यता लेने बालों मैं मोहन विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, बेताल विश्वकर्मा, प्रीतम विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, मोनू विश्वकर्मा, कालीचरण विश्वकर्मा,राजेन्द्र विश्वकर्मा, सुदामा विश्वकर्मा,अजय विश्वकर्मा, सोनू विश्वकर्मा, भगवत विश्वकर्मा, आनंद विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, किशनलाल विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा,दीपेंद्र विश्वकर्मा, चाहत विश्वकर्मा, गौरव विश्वकर्मा, रजत विश्वकर्मा, चिराग विश्वकर्मा ,कुलदीप विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा ,प्रमोद विश्वकर्मा ,भगवानसिंह विश्वकर्मा इत्यादि लोगों ने संगठन मैं सदस्यता ली।




# छात्र छात्राओं के लिए हुआ समर कैंप प्रारंभ



**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** -शिक्षा विभाग एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया है जो

1 माह तक चलेगा जिसमें पूरे गोहद तहसील के छात्र एवं छात्राएं भाग लेने आए हुए हैं कैंप के माध्यम से खेलों का विकास होता है मध्य प्रदेश से बेहतर खिलाड़ी उभर कर आते हैं कैंप में बच्चों के लिए फल वितरण किए जाते हैं कैंप सुबह शाम दोनो टाइम आयोजित हो रहा है मालनपुर की 15 छात्राएं कबड्डी प्रशिक्षण के लिए प्रतिदिन आती हैं (मालनपुर लायक सर) कैंप का स्थान गोलंबर तिराहा सर्वोदय स्कूल गोहद में रखा गया है कोच रवि गौड़ कबड्डी का प्रशिक्षण दे रहे हैं गोहद कोऑर्डिनेटर मुकेश अर्गल बॉक्सिंग का बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं हृद्धस योगा कोच संतोष गौड़ निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं कैंप में बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए गोहद थाना पदस्थ स.द्व बृजमोहन सिंह भदोरिया बच्चों से रूबरू हुए और बच्चों को बताया कि कैंप से क्या-क्या बच्चों को लाभ होगा एसआई भदौरिया ने बच्चों को मोटिवेट किया और कहा बच्चे कम से कम से कम 1 घंटे खेल में अवश्य दें

## भारतीय जनता पार्टी के कोर कमेटी की बैठक हुई संपन्न



**संतोष सिंह भदौरिया पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

**भिंड /**भारतीय जनता पार्टी भिंड की जिला कोर कमेटी की बैठक का रेडिसन होटल मै आयोजित की गई !जिला ÷कोर कमेटी÷ की बैठक जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत जी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी रमाकांत पटसारिया ने बताया कि बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों से संबंधित चर्चा की गई । एवं जिले के कोर कमेटी के सदस्यों ने अपने अपने सुझाव दिए आगामी चुनाव से संबंधित तैयारियों को लेकर कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया ! पार्टी के आगामी कार्यक्रम को लेकर कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया! इस अवसर पर प्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया जी, राज्य मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया जी, भाजपा प्रदेश मंत्री श्री केशव भदौरिया जी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती संध्या राय जी, भाजपा भिंड जिलाध्यक्ष श्री नाथूसिंह गुर्जर जी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री संजीव कांकर जी, श्री अवधेश सिंह कुशवाह जी, श्री देवेन्द्र नरवरिया जी जिला महामंत्री श्री धीर सिंह भदोरिया,श्री कमल शर्मा जी,श्री धर्म सिंह जाटव सहित कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## महेंद्र मुणोत ने अन्नदान कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर–**पंचमुखी कन्नडा युवक संघ कविका लेआउट द्वारा आयोजित श्री अन्नम्मा देवी श्री मरम्मा देवी उत्सव मैं मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने विशेष पूजा अर्चना कर अन्नदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने मनोज को सम्मानित करके धन्यवाद दिया।

## गोहद चौराहा पर अज्ञात बाइक रखी मिलने पर पुलिस ने की 25 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई




**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भिंड ग्वालियर हाईवे से गोहद रोड के मुख्य तिराहे पर पुलिस को लावारिस स्थिति में एक टीवीएस स्पोर्ट बाइक रखी हुई मिली जिससे 25 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए थाने में रखवाया है पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एएसआई राघवेंद्र तोमर ने बताया भिंड ग्वालियर हाईवे के गोहद की ओर जाने वाले चौराहे पर एक टी वी एस स्पोर्ट बाइक आसमानी कलर की लावारिस स्थिति में रखी हुई मिली जिसकी नंबर प्लेट पर स्क्र07 एमडब्ल्यू 8211 नंबर अंकित है जिसके मालिक को तलाशने की काफी कोशिश की गई लेकिन कोई नहीं मिला जिसके बाद पुलिस ने 25 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए लावारिस स्थिति में रखी बाइक को जप्त करते हुए थाने में रखवाया है वही सभी जगह सूचना की जा रही है

# खेरा मेबदा में चतुर्थ दिवस मैं कथा वाचक आदरणीय श्री रामबरन शास्त्री जी ने बताया कि भागवत ही साक्षात श्री कृष्ण है और कृष्ण ही साक्षात कृष्ण एवं सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाली है ।





**गणेश शंकर राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

खेरा मेवदा मैं होने वाली कथा मै कथा व्यास श्री रामबरन शास्त्री ने बताया कि जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है। धर्म की हानि होती है। तब-तब अपने भक्तों की रक्षा करने के लिए प्रभु धरा पर अवतार लेते हैं। ईश्वर का अवतार लेने का मुख्य उद्देश्य अपने भक्तों व धर्म की रक्षा करना है। कथा के दौरान कृष्ण जन्म होने की खुशी में श्रद्धालु भजनों की धुनों पर झूम उठे। बधाइयां गाईं। उपहार लुटाए। नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। झांकी में कान्हा के स्वरूप यानि लाला की एक झलक पाने के लिए भक्त लालायित दिखे। जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभौर हो गए।कथा व्यास श्री रामबरन शास्त्री जी ने बताया कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। व्यास जी ने श्री कृष्ण जन्म का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में भक्त और भगवान दोनों का वर्णन किया गया है।कृष्ण लीला दुनिया की ऐसी लीला है जिसमें कृष्ण भगवान ने अपनी लीलाओं द्वारा भक्तों का कल्याण किया है। कथा में श्रीकृष्ण जन्म की झांकी निकाली गई व कथा के उपरांत सभी भक्तों ने भागवत की आरती उतारी और प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान श्री सोमेश शास्त्री जी, श्री हरेंद्र शर्मा जी,परीक्षत श्री रामवतार सिंह चौहान एवं समस्त चौहान परिवार उपस्थित रहे।

## न-टू-वन

### राजधानी में 3 एकड़ में खुलेगा एनआईए का दफ्तर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण का दफ्तर जल्द खुलने वाला है। शिवराज सरकार ऑफिस बनाने के लिए एनआईए को 3 एकड़ जमीन मुहैया करवाएगी। भूमि के चयन के बाद गृहमंत्री अमित शाह भूमिपूजन करने भोपाल आएंगे। दरअसल केंद्र सरकार ने भोपाल में एनआईए दफ्तर खोलने का फ़ैसला लिया है। आईजी आशीष बत्रा भूमि चयन करेंगे। इसके लिए एसीएस होम राजेश रजौरा से चर्चा और भेंट करेंगे। फिलहाल एनआईए को जहांगीराबाद स्थित पूर्व सीआईडी ऑफिस का दफ्तर दिया गया है। ऑफिस के साथ नेशनल फॉरेंसिक साइंस दफ्तर बनाने की भी शुरुआत होगी। बता दें कि मध्य प्रदेश में पिछले कुछ सालों में कई आतंकी गतिविधियों का खुलासा हुआ है। राज्य सरकार ने मामले की जांच एनआईए को सौंप दी है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी राज्य की राजधानी भोपाल से निगरानी करेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय इसके लिए एक एसपी समेत जरूरी पदों को पहले ही मंजूरी दे चुका है। राज्य में जेएमबी, सूफा जैसे आतंकी संगठनों पर नजर रखने के लिए एनआईए अपनी शाखा खोल रही है।

### दुकान बेचने के नाम पर कूलर कारोबारी ने गल्ला व्यापारी को लगाई 40 लाख की चपत

**भोपाल।** शहर के पिपलानी इलाके मे एक कारोबारी ने दुकान बेचने का झांसा देकर दूसरे कारोबारी को 40 लाख की चपत लगा दी। रकम लेने के बाद आरोपी कारेबारी ने दुकान फरियादी के नाम पर ट्रांसफर नही करवाई, बल्कि दुकान मे ताला डालकर चंपत हो गया। बाद मे परेशान फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला कायम कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी हैं। थाना पुलिस के अनुसार फरियादी प्रदीप अग्रवाल ने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उनका गल्ला का कारोबार है, ओर बरखेड़ा भेल मार्केट में उनकी दुकान है। उसी के पास राजकुमार गुप्ता की कूलर की दुकान है। प्रदीप अग्रवाल को अपने व्यवसाय के लिए पास मे ही एक दुकान की आवश्यकता थी। इसके लिये राजकमल से बातचीत की। राजकुमार अपनी दुकान बेचने को तैयार हो गया। बाद मे दिसंबर 2020 में राजकमल गुप्ता ने 40 लाख मे सौदा तय करते हुए दुकान बेचने का एग्रीमेंट कर लिया। ओर रकम लेने के तीन महीने बाद दुकान फरियादी के नाम ट्रांसफर कराने की बात तय हुई। यह दुकान भेल से फरियादी के नाम ट्रांसफर कराई जानी थी। इसके बाद तीन महीने तक आरोपी ने दुकान प्रदीप के नाम ट्रांसफर नहीं कराई। तब फरियादी ने उसपर दबाव बनाया, पहले तो राजकुमार टाल मटोल करता रहा, इसके बाद वो दुकान बंद कर गायब हो गया। फरियादी व्यापरी ने काफी समय तक आरोपी से संपर्क करने की कोशिश करता रहा। लेकिन जब उससे कोई संपर्क हो सका ओर न ही उसकी कोई जानकारी मिली तो वा समझ गये कि राजकुमार ने उनके साथ चालबाजी की है। इसके बाद वो थाने पहुचें जहॉ पुलिस ने जॉच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में ख्यानत की धाराओ मे मामला कायम कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### ट्रक ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत

**भोपाल।** राजधानी के अवधपुरी थाना इलाके मे ट्रक ने बाइक से जा रहे दो युवकों को अपनी चपेट मे ले लिया। दर्दनका हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथी का उपचार जारी है। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार बांदा जिला यूपी के एक गॉव का रहने वाला 25 साल का महेश उर्फ मनोज पिता मटरूलाल मिसरोद इलाके मे स्थित होटल नंदन पैलेस में रोटियां बनाने का काम करता था, और होटल में ही रहता था। बीती दोपहर मनोज अपने एक दोस्त के साथ बाइक से खजूरी गांव जा रहा था। इस दौरान झागरिया बस्ती के पास मेन रोड पर पहुचंते ही उनकी बाइक को सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मनोज को जानलेवा चोंटे आई थी, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड दिया। वही बाइक पर बैठे उसके साथी को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिये अस्पताल भेजा गया, जहॉ उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। जानलेवा हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोडकर ही फरार हो गया, जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया है। मामला दर्जकर पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।

### 1060 चिकित्सा छात्र नियम तोड़कर गायब

**भोपाल।** प्रदेश के पांच सरकारी मेडिकल कालेजों के 1060 चिकित्सा छात्र नियम तोड़कर गायब हो गए हैं। इन्होंने एमबीबीएस और पीजी की पढ़ाई के बाद न तो गांव में डाक्टरी की और न ही ग्रामीण क्षेत्रों में ड्यूटी न करने के एवज में जमा की जाने वाली बांड राशि जमा की। प्रदेश में ऐसे बांड डिफाल्टर छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा भोपाल स्थित सरकारी मेडिकल कालेज से पढ़ाई कर चुके छात्रों की है। समय-समय पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ऐसे डाक्टरों को नोटिस भेजने की खानापूर्ति करता रहा, लेकिन सख्त कार्रवाई न होने से इन पर कोई असर नहीं पड़ा। इस संबंध में पड़ताल में यह तथ्य सामने आया कि भोपाल के ऐसे सबसे ज्यादा छात्र हैं, जबकि दूसरे नंबर पर इंदौर के चिकित्सा छात्र हैं। यह नियम 2002 में लागू हुआ था। इसके बाद समय-समय पर बांड राशि बढ़ाई गई। एमबीबीएस और पीजी के लिए अलग-अलग बांड राशि है, साथ ही सामान्य और आरक्षित वर्ग के लिए भी अलग है। 1060 में से कई छात्र ऐसे हैं, जो सालों पहले पढ़ाई पूरी कर चुके हैं, लेकिन न बांड राशि जमा की, न ही ग्रामीण क्षेत्र में सेवा की। इस पूरी कवायद के पीछे उद्देश्य था कि ग्रामीण इलाकों में लोगों को डाक्टर उपलब्ध हो सकें।

# मप्र में रोज हजारों एकड़ फसल बर्बाद कर रहीं नीलगाय व सुअर

- प्रदेश के 36 जिलों में नीलगाय और सुअर की लगातार बढ़ रही है संख्या
- शिकार की अनुमति नहीं मिलने से किसान परेशान



**भोपाल।** प्रदेश में किसानों के लिए इस समय नीलगाय व सुअर सबसे बड़ी समस्या बने हुए हैं। आलम यह है कि प्रदेश में नीलगाय और सुअर रोज हजारों एकड़ फसल बर्बाद कर रहे हैं। प्रदेश के 36 जिलों में नीलगाय और सुअर की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन किसानों के लिए परेशानी यह है कि वे इन्हें मार नहीं सकते हैं। अनुमति के अधिकार अनुविभागीय राजस्व अधिकारी से छीनकर एसडीओ वन को दिया जाना प्रस्तावित है। प्रारूप जुलाई 2021 में सरकार को भेजा गया है। विधायकों से भी सुझाव मांगे गए हैं, पर निर्णय नहीं हो पा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश में पानी, बिजली और अनाज का सही मूल्य नहीं मिलने से किसान पहले से ही परेशान हैं। अब किसानों के लिए नीलगाय और सुअर भी बड़ी समस्या बने हुए हैं। रतलाम, मंदसौर, नीमच, देवास, छतरपुर, सागर, रीवा, शहडोल सहित 36 जिलों में नीलगाय की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई जिलों में सुअर किसानों को परेशान कर रहें हैं। इसके सही आंकड़े वन विभाग के पास भी नहीं हैं, पर विभाग मानता है कि संख्या में वृद्धि हुई है।

**विधानसभा में उठ चुका है मुद्दाः** उल्लेखनीय है कि नीलगाय और सुअर का मामला विधानसभा में कई बार उठ चुका है, लेकिन हल नहीं निकल रहा। सरकार पिछले एक साल में नीलगाय और सुअर के शिकार के नियमों को सरल नहीं कर पाई है। इसका प्रस्ताव सरकार स्तर पर लंबित है। सूअर, हिरन की तरह नीलगाय भी खड़ी फसलों को बर्बाद करती हैं। यह दूसरे वन्यप्राणियों की तुलना में ज्यादा नुकसान करती हैं। इससे परेशान किसान कई साल से सरकार से गुहार लगा रहे हैं। वनमंत्री ने लिखित जबाव में कहा है कि नीलगाय से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई सरकार करती है। किसानों को मुआवजा दिया जाता है। हालांकि सरकार के पास इस समस्या का स्थाई हल अब भी नहीं है। सरकार करीब 10 साल से नीलगाय की संख्या नियंत्रित करने पर काम कर रही है। पहले नसबंदी पर काम किया गया, जो असफल रहा। इसके बाद नीलगाय के शिकार के नियम सरल करने पर मंथन हुआ। वन विभाग ने करीब डेढ़ साल में संशोधन का प्रारूप तैयार किया, जिसमें नीलगाय के शिकार की।

**यहां जंगली सूअर और नीलगाय का प्रभावः** इंदौर, उज्जैन, पन्ना, छतरपुर, रीवा सर्किल से जुड़े क्षेत्र में नीलगाय और खंडवा, होशंगाबाद, रायसेन, इटारसी, मंडला, उमरिया, डिंडोरी व टाइगर रिजर्व के आसपास के क्षेत्र में जंगली सूअर किसानों के लिए बड़ी समस्या बन चुके हैं।

### बदला सकता है बुंदेलखंड एक्सप्रेस का नाम

**भोपाल।** ग्वालियर से उत्तर प्रदेश की धर्म नगरी वाराणसी के बीच दौडने़ वाली एकमात्र ट्रेन बुंदेलखंड एक्सप्रेस का नाम रेलवे द्वारा बदला जा सकता है। बुंदेलखंड के कई जिलों से गुजरने के कारण इस ट्रेन का नाम बुंदेलखंड एक्सप्रेस रखा गया था, लेकिन अब इसका नाम बदलने की तैयारी की जा रही है। पिछले दिनों झांसी में हुई सांसदों की बैठक में अंचल के सांसदों ने इस ट्रेन का नाम बदलने की सिफारिश की है। संभावना जताई जा रही है कि इस ट्रेन का नाम दतिया स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा पीठ के नाम पर पीतांबरा एक्सप्रेस रखा जा सकता है। ग्वालियर-वाराणसी के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 11107-11108 बुंदेलखंड एक्सप्रेस कुल 23 स्टेशनों से होकर गुजरती है। इनमें से 11 स्टेशन बुंदेलखंड क्षेत्र के विभिन्न जनपदों में पड़ते हैं। ऐसे में इन जगहों पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस के आधे से अधिक हाल्ट स्टेशन हैं। यही वजह है कि बुंदेलखंड के लोगों की पसंदीदा ट्रेनों में से एक यह ट्रेन इस रूट पर मानी जाती है, साथ ही ग्वालियर-चंबल अंचल से भी यात्री प्रयागराज व बनारस का सफर करना पसंद करते हैं।

# 21.75 करोड़ टैबलेट खा रहे धूल

### 7 हजार सरकारी स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई के लिए खरीदे गए थे 14,505 टैबलेट



**भोपाल।** कोरोना काल में ऑनलाइन पढ़ाई का चलन इस कदर बढ़ा कि सरकार ने बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रदेश के स्कूलों में टैबलेट मुहैया करवा। इसके लिए करीब 21.75 करोड़ रूपए के 14,505 टैबलेट खरीदे गए। लेकिन आज तक इन टैबलेट का उपयोग नहीं हो सका है। ये टैबलेट धूल खा रहे हैं। जानकारी के अनुसार कोरोना की तीन लहर गुजरने के बाद प्रदेश के 7 हजार सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई के लिए ये टैबलेट खरीदे गए हैं। इन टैबलेट से स्कूलों में शैक्षणिक एप मूल्यांकन और विद्यार्थियों की मैपिंग का कार्य भी होना है। लेकिन टैबलेट वितरित हुए 2 माह बीत चुके हैं लेकिन अब तक एक भी कार्य शुरू नहीं हुआ है। जिम्मेदारों ने टैबलेट को स्कूल की अलमारियों में बंद कर दिया है।

**जरूरत के समय नहीं थे संसाधनः** कोरोना संक्रमणकाल में ऑनलाइन क्लास कराने का निर्णय सरकार ने लिया था। सरकार के निर्देशानुसार कोरोना महामारी के दौरान प्रदेश के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में ऑनलाइन क्लास का आयोजन किया गया था। सरकारी स्कूल में संसाधनों की कमी सामने आई थी। इसी दौरान कई स्कूलों में स्मार्ट क्लास शुरू की गई, जिसमें लैपटॉप, टीवी समेत करीब दो लाख रुपए खर्च हुए। लेकिन अधिकांश स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई के साधन नहीं थे। इस दौरान शिक्षकों ने अपने मोबाईल से छात्रों को जोड़कर ऑनलाइन पढ़ाई करवाई। समस्या को बढ़ता देख टैबलेट खरीदने का निर्णय लिया गया। जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के सभी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों को टैबलेट दिया गया है, जिसका काम नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ शुरू होगा।

**कोरोना की तीसरी लहर खत्म होने पर खरीदे गए टैबलेटः** जानकारी के मुताबिक कोविड के दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित नहीं हो इसके लिए शिक्षा विभाग अधिकारियों ने बैठक में टैबलेट खरीदने का निर्णय लिया। इसके तीन माह बाद यानी जनवरी से कोरोना की तीसरी लहर शुरू हुई। इस दौरान 25 दिन स्कूल बंद रहे। लेकिन प्रदेश के टैबलेट खरीदी का आदेश लहर बीतने के बाद 20 फरवरी को जारी हुआ। जबकि सितंबर 2021 को टैबलेट खरीदने का निर्णय लिया गया था।

**डेढ़ गुना अधिक दाम पर खरीदा टैबलेटः** शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक एक टैबलेट खरीदने के लिए 10 हजार रुपए का बजट तय किया गया था। लेकिन इस बजट में केवल चायनीज टैबलेट ही बाजार में उपलब्ध थे। इसलिए शिक्षा विभाग ने बजट 15 हजार रुपए कर दिया। जिसमें 10 हजार रुपए समग्र शिक्षा अभियान और शेष राशि स्कूलको आकस्मिक निधि से व्यय करना थी। इससे ज्यादातर सैमसंग कंपनी के 3जी टैबलेटखरीदे गए। हालांकि कुछ स्कूल प्रबंधन ने आकस्मिक निधि बचाने चीन की कंपनियों के टैबलेट भी खरीदे। अबतक सिम और ऐप के संबंध में निर्देश जारीन होने से टैबलेट अलमारियों में बंद है।

# राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द 28 मई को भोपाल में करेंगे आरोग्य मंथन का शुभारंभ



**भोपाल।** एक देश एक स्वास्थ्य-वर्तमान समय की आवश्यकता विषय पर 28 मई 2022 को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार (मिंटो हाल) भोपाल में प्रातः 11बजे से आयोजित आरोग्य मंथन कार्यक्रम का उद्घाटन देश के राष्ट्रपति महामहिम रामनाथ कोविन्द करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यपाल मंगु भाई पटेल एवं प्रदेश के आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे उपस्थित रहेंगे।

आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डाक्टर अशोक कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि कोरोना कालखंड में समाज के प्रत्येक व्यक्ति ने अनुभव किया कि प्रत्येक रोग की सटीक औषधि उपलब्ध होना ही आवश्यक नहीं है। स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए छोटे-छोटे उपक्रम भी अत्यंत प्रभावी होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अगर स्वयं के स्वास्थ्य के लिए जागरुक हो जाए तो वह बगैर औषधि के स्वस्थ रह सकता है। यह कार्य सभी प्रकार के चिकित्सक एवं स्वास्थ्य में रुचि रखने वाले व्यक्ति भी कर सकते हैं। उपचार की दृष्टि से केवल एलोपैथिक चिकित्सा ही नहीं एलोपैथी के साथ आयुर्वेद एवं होम्योपैथी अथवा पृथक-पृथक आयुर्वेद और होम्योपैथी भी इस विषम दौर में कारगर होती दिखाई दी। कोरोना के बाद देश दुनिया का रुझान आयुर्वेद के प्रति बढ़ा है। इसी के दृष्टिगत यह आयोजन किया जा रहा है,जिसमें आरोग्य भारती के संस्थापक अध्यक्ष डाक्टर राघवेंद्र कुलकर्णी का मुख्य वक्तव्य होगा, साथ ही डाक्टर संजय गुप्ता चिकित्सा शिक्षा एवं शोध कार्य विषय पर प्रकाश डालेंगे । डाक्टर इंद्रनील बसु क्लीनिकल प्रैक्टिस एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य विषय पर अपने विचार रखेंगे।

## टीका लगवाने नहीं भटकेंगे लोग

- अब डोंडी पिटवा कर दिया जाएगा टीकाकरण का न्योता
- राजधानी में गर्भवतियों और बच्चों के रूटीन इम्युनाइजेशन का माइक्रोप्लान तैयार

**भोपाल।** गर्भवस्था के दौरान और पांच साल से छोटे बच्चों को टीके लगवाने के लिए राजधानी भोपाल के लोगों को भटकने से मुक्ति मिलेगी। बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से इस बार माइक्रोप्लान में आईईसी गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। जागरूकता और हितग्राहियों को टीकाकरण केन्द्र तक बुलाने के लिए मुनादी कराना, डोंडी पिटवाना, बाजे बजवाने और माइक से अनाउंसमेंट और सामुदायिक बैठकें भी की जाएंगी। गर्भवस्था के दौरान और पांच साल से छोटे बच्चों को टीके लगवाने के लिए राजधानी भोपाल के लोगों को भटकने से मुक्ति मिलेगी। जिले के स्वास्थ्य महकमे ने एक माइक्रोप्लान तैयार किया है। इसमें हर वार्ड की आबादी के हिसाब से अनुमानित गर्भवतियों और पांच साल तक की उम्र के बच्चों के टीकाकरण का टारगेट और संबंधित क्षेत्र के कर्मचारियों की जवाबदारी तय की गई है। किस एएनएम के क्षेत्र में कितनी गर्भवती और कितने बच्चों का टीकाकरण किस दिन होगा इसका बारीकी से प्लान बनाया गया है। अब आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता और एएनएम को यह पता रहेगा कि उसके क्षेत्र के किस गर्भवती और बच्चे को किस दिन टीका लगना है। आम लोगों को भी टीकाकरण सत्र की जानकारी मिल सकेगी। दरअसल राजधानी में स्वास्थ्य विभाग हर साल जितने टीकाकरण सत्र प्लान करता था उससे आधे भी सेशन नहीं लग पाते थे। नियमों के मुताबिक प्रति एक हजार की आबादी पर महीने में एक बार टीकाकरण सत्र लगाकर वैक्सीनेशन होना चाहिए। लेकिन कुछ इलाकों में दो-दो महीनों तक टीके नहीं लग पाते थे। कोरोना संकट से मिली राहत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने रूटीन इम्युनाइजेशन का माइक्रोप्लान तैयार किया है।

# लाश की पुख्ता शिनाख्त के लिए होगा डीएनए टेस्ट

### म्रतक शिवा भालेराव के पिता का आज लिया जाएगा नमूना

**भोपाल।** राजधानी के हबीबगंज क्षेत्र के साई बाबा नगर में मिली लाश की पुख्ता शिनाख्त के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। इसके लिए आज म्रतक शिवा भालेराव के पिता का नमूना लिया जाएगा। मालूम हो कि पुलिस ने साई बाबा नगर के एक घर में खोदाई करवाकर युवक की लाश बरामद की थी। लाश की शिनाख्त पीसी नगर निवासी शिवा भालेराव के रूप् में हुई थी। वह एक अक्टूबर 2021 को अपने परिजनों को यह कहकर निकला था कि उसके कुछ रूपये ठेकेदार के पास बकाया है। उसे लेकर वह आता है,लेकिन उसके बाद वह लापता हो गया था। सात माह बाद उसका पता लगा, लेकिन वह मर चुका था। उसकी हत्या उसके दोस्त बबलू उर्फ शमशेर खान ने अपनी महिला मित्र आशा ठाकुर के साथ मिलकर की थी। पुलिस अब शिवा के शव की पुख्ता पहचान के लिए उसकी डीएनए जांच करा रही है, ताकि हत्या करने वाले आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में सजा दिलाने के लिए उसका पक्ष मजबूत रहे। हबीबगंज पुलिस मुताबिक गड्डे वाली मल्टी निवासी 31 वर्षीय शिवदत्त उर्फ शिवा भालेराव पुताई करने का काम करता था। वह अपने भाई, मां और पिता के साथ रहता था। उसकी पत्नी मायके में रह रही थी। उसका एक बेटा है। चार अक्टूबर को उनके पिता बसंत ने हबीबगंज थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी थी, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। मंगलवार तड़के उसका शव साई बाबानगर में रहने बबलू उर्फ श्मशेरा खान की झुग्गी से बरामद हुआ। आरोपित ने उसकी हत्या कर शव को झुग्गी में दफना दिया था। टीआई बीएस प्रजापति के अनुसार, 38 साल का बबलू उर्फ शमशेर खान अपनी पत्नी को छोड़कर खंडवा निवासी ब्यूटीपार्लर का काम करने वाली 35 साल की महिला आशा ठाकुर के साथ लिव-इन में रहता था। उसकी और शिवदत्त उर्फ शिवा भालेराव की दोस्ती थी। बबलू को आसपास के लोग बताते थे कि शिवा उसके घर आता है। बबलू को लगने लगा था कि उसकी लिव-इन पार्टनर और शिवा के संबंध है।

### कार डेकोरेटर का काम करने वाले युवक ने बेडशीट का फदां बनाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** नये शहर के अयोध्या नगर इलाके मे रहने वाले युवक द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने का मामला सामने आया है। शुरुआती जॉच मे फिलहाल खुदकुशी के कारणो का खुलासा नही हो सका है, पुलिस ने मर्ग कायम कर जॉच शुरु कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इलाके मे स्थित शिव सिटी कॉलोनी अरेड़ी मे रहने वाला 24 वर्षीय सचिन परमार पिता बाबूलाल परमार कार डेकोरेट का काम करता था। उसके ड्राइवरी करते हैं। बीते दिन उसके पिता गाड़ी लेकर सिवनी मालवा चले गए थें, वही घर में सचिन और उसकी मां थी। दोपहर के समय सचिन की मां घर के कामकाज मे व्यस्त थी। उस समय सचिन अपने कमरे में था। मां ने सोचा कि वो सो रहा होगा। बाद मे जब शाम तक सचिन कमरे से बाहर नहीं आया तो मां ने उसे आवाजे देते हुए कमरे का दरवाजा खटखटाया। लेकिन काफी देर तक आवाजे देने के बाद भी न तो सचिन ने दरवाजा खोला ओर न ही भीतर से कोई जवाब आया।

# बाघों की संख्या सात सौ के पार जाने की उम्मीद

### गणना का काम होने जा रहा पूरा, नए क्षेत्रों में दिखाई दिए बाघ



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में इस बार बाघों की संख्या सात सौ के पार जाने की उम्मीद जताई जा रही है। वन विभाग का दावा है कि इस बार भी टाइगर स्टेट का तमगा बरकरार रहेगा। 10 नए क्षेत्रों में बाघों की उपस्थिति के प्रमाण मिलने से प्रदेश के वन अधिकारी बेहद खुश हैं। क्योंकि ये क्षेत्र उनके दावे को और मजबूत करते हैं। वनविभाग के अनुसार, नर्मदापुरम, हरदा, खंडवा, पश्चिम बैतूल, दक्षिण सिवनी, दक्षिण बालाघाट, देवास, बड़वाह, दक्षिण पन्ना और सतना वनमंडल में बाघों की मौजूदगी के प्रमाण मिले हैं। इन सभी क्षेत्रों में 220 वर्ग किमी क्षेत्र को ट्रैप कैमरे की निगरानी के दायरे में लाया गया है। उल्लेखनीय है कि इन क्षेत्रों में बाघों की गिनती शुरू होने के समय बाघों की आवाजाही नहीं थी। इससे पहले अलग-अलग 25 क्षेत्रों में ट्रैप कैमरे से सर्वे पूरा किया जा चुका है। सभी क्षेत्रों में सात से 10 दिन कैमरे लगाकर रखे गए। मध्य प्रदेश में बाघों की गणना का काम अब समाप्त होने को है। इस दौरान 10 नए क्षेत्रों में बाघों की उपस्थिति के प्रमाण मिलने से वन अधिकारियों के चेहरे खिल उठे हैं। वन्यप्राणी शाखा ने ताबड़तोड़ इन क्षेत्रों में ट्रैप कैमरे लगाने का काम शुरू कर दिया है। वन अधिकारियों का कहना है कि अगले 10 दिन में यह काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही बाघ गणना-2022 भी समाप्त हो जाएगी। वर्ष 2018 की गणना में मध्य प्रदेश में देश के सर्वाधिक 526 बाघ पाए गए थे। प्रदेश के वन विभाग का दावा है कि इस बार भी टाइगर स्टेट का तमगा बरकरार रहेगा हालांकि अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है। क्योंकि बाघों की संख्या के मामले में प्रमुख प्रतिद्वंद्वी कर्नाटक है।

## सरकार बिल की अग्रिम राशि पाने प्रीपेड मीटर को देगी बढ़ावा

### बिजली चोरी रोकने लगेंगे स्मार्ट मीटर, कैबिनेट बैठक में मिली मंजूरी

**भोपाल।** राज्य सरकार बिजली बिल की अग्रिम राशि पाने के लिए प्रीपेड मीटर को बढ़ावा देगी। वर्तमान में कंपनियों को बिजली आपूर्ति के डेढ़ महीने बाद राशि का भुगतान प्राप्त होता है। साथ ही, बिजली चोरी रोकने के लिए स्मार्ट मीटर भी लगाए जाएंगे।केंद्र सरकार की रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत राज्य की विद्युत वितरण कंपनियों की कार्ययोजना को कल हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई। वर्ष 2025 तक सभी उपभोक्ताओं के मीटर को प्रीपेड स्मार्ट मीटर में परिवर्तित करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्र सरकार ने विद्युत वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए योजना तैयार की है। इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाएगी और 40 प्रतिशत राशि राज्य को लगानी होगी। इसके आधार पर ऊर्जा विभाग ने प्रस्ताव तैयार करके कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया था। प्रोजेक्ट में 14886 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ऐसे क्षेत्र, जहां बिजली हानि अधिक होती है या बिजली की चोरी होती है। सभी औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के मीटर बदलेंगे। शहरी क्षेत्रों में 50 प्रतिशत अधिक उपभोक्ताओं वाले वे क्षेत्र जहां वर्ष 2020-21 में हानि 15 प्रतिशत और वर्ष 2020-21 में 25 प्रतिशत से अधिक है। दूसरे चरण में सभी उपभोक्ताओं के मीटर प्रीपेड स्मार्ट मीटर में परिवर्तित किए जाएंगे। मीटर बदलने के साथ ही ट्रांसफार्मर का मीटरीकरण भी किया जाएगा। केंद्र सरकार उपभोक्ता प्रति मीटर के लिए 900 रुपये का अनुदान देगी। दिसंबर 2023 तक साढ़े सात प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि 450 रुपये दिए जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2022-23 में घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को रियायती दर पर बिजली उपलब्ध करने के लिए सरकार बिजली कंपनियों को 22 हजार 676 करोड़ रुपये का अनुदान देगी। अभी बजट में 13 हजार 97 करोड़ रुपये का प्रविधान रखा गया है। ऊर्जा विभाग ने शेष राशि के लिए अनुपूरक बजट में प्रविधान करने संबंधी प्रस्ताव रखा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राशि कंपनियों को देना आवश्यक है, इसलिए इसका प्रविधान बजट में किया जाएगा। वहीं, एक अन्य निर्णय में ग्रीन एनर्जी कारिडोर के पहले चरण की परियोजना को पूरा करने के लिए केएफडब्ल्यू से स्वीकृत ऋण राशि यूरो 124 मिलियन का पूरा उपयोग करने की स्वीकृति दी गई।

# जिला पंचायत के वार्डों और जनपद पंचायत अध्यक्षों का हुआ आरक्षण

### जनपद पंचायत अध्यक्ष मुरार का पद अपिव एवं भितरवार का पद अजा. महिला के लिये आरक्षित

ग्वालियर। प्रस्तावित त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए ग्वालियर जिले में बुधवार को जनपद पंचायत अध्यक्षों एवं जिला पंचायत के वार्ड (जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र) आरक्षण की कार्यवाही संपादित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेश एवं राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए विभिन्न जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

कलेक्टर श्री सिंह ने आरक्षण की कार्यवाही के दौरान मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों को आरक्षण प्रक्रिया एवं उससे संबंधित नियम व कानून के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके बाद विधिवत आरक्षण की कार्यवाही पूर्ण की।



जनपद पंचायत मुरार का अध्यक्ष पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित हुआ है। जनपद पंचायत घाटीगाँव (बरई) के अध्यक्ष का पद अनारक्षित महिला, जनपद पंचायत डबरा के अध्यक्ष का पद अनारक्षित और जनपद पंचायत भितरवार के अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति महिला के लिये आरक्षित हुआ है।

जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र के आरक्षण की प्रक्रिया विधिवत संपादित होने के बाद जो तस्वीर सामने आई है, उसके अनुसार जिला पंचायत सदस्य वार्ड-1 अनारक्षित महिला के लिए, वार्ड-2 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड-3 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड-4 अनारक्षित महिला, वार्ड-5 अनारक्षित महिला, वार्ड-6 अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड-7 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड-8 अनारक्षित, वार्ड-9 अनुसूचित जाति, वार्ड-10 अनारक्षित महिला, वार्ड-11 अनारक्षित, वार्ड-12 अन्य पिछड़ा वर्ग एवं वार्ड-13 अनारक्षित रहा है।

जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र व जनपद पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की कार्रवाई के दौरान अपर कलेक्टर विकास श्री आशीष तिवारी, संयुक्त कलेक्टर श्री विनोद भार्गव व जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. विजय दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं सर्वश्री पंजाब सिंह, मोती सिंह, कल्याण सिंह यादव, सरदार सिंह परिहार, सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, हेमंत सिंह, सतीश राय, शिशुपाल यादव, दीपू, बाबू सिंह गुर्जर, गंगाराम कुशवाह, पान सिंह कुशवाह, डालचंद, करन सिंह, रामअवतार रावत व बी बी जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कोषालय में चालान जमा करने की नई प्रक्रिया के संबंध में दिया जायेगा प्रशिक्षण

ग्वालियर। आईएफएमआईएस के अंतर्गत वेब पोर्टल के माध्यम से बैंकों में चालान जमा करने की नई प्रक्रिया एक जून 2022 से प्रभावशील होगी। उक्त अवधि के पश्चात नई प्रक्रिया के माध्यम से ही बैंक में चालान जमा हो सकेंगे। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि नई प्रक्रिया के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ ही 25 जून को दोपहर 2 बजे चालान जमा करने की प्रक्रिया के संबंध में कोषालय में एक प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में चालान जमा करने की नई प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जायेगी।

### ग्राम बरा में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर चला निगम का बुलडोजर



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर एवं जिला प्रशासन द्वारा शहर में विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही संबंधित कॉलोनाइजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया जा रहा है। कॉलोनाइजरों द्वारा बिना टीएनसीपी एवं नगर निगम की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जाकर नई कॉलोनी विकसित की जा रही थी। जिन पर कार्रवाई करते हुए निगम अमले ने कॉलोनी में बनाई गई कच्ची रोड एवं अन्य कार्य को तोडा गया। भवन निरीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी श्री यशवंत मैकले ने जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर की अवैध कॉलोनियों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 1 ग्राम बरा के सर्वे क्रमक 672/3 रकबा 0.47 हेक्टेयर भूमि पर श्री प्रकाश चन्द्र अग्रवाल पुत्र बाबूलाल द्वारा अवैध कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। जिसे अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रदीप तोमर, भवन अधिकारी श्री यशवंत मैकले, भवन निरीक्षक श्री राजीव सोनी, मदाखलत अधिकारी श्री सतेंद्र भदौरिया एवं राजस्व निरीक्षक श्री संजय अगरिया की उपस्थिति में कॉलोनी में निर्मित रोड एवं एक कमरा आदि निर्माण कार्य हटाया गया।

### उपायुक्त के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले 16 कर्मचारी

ग्वालियर। उपायुक्त स्वास्थ्य डा अतिबल सिंह यादव द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 22, 23, 24, 25 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 16 कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिनका एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कई स्थानों पर गंदगी मिली जिसपर तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान निम्न कर्मचारी अनुपस्थिति पाये गये। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 61 में ममता पत्नी गोपाल विनयमित, सागर पुत्र गोपाल, विनयमित, अनूप पुत्र जगदीश, विनयमित, वार्ड 63 में विजय पुत्र रमेश, आ.सो., रीना पत्नी धर्मेन्द्र, आ.सो., वार्ड 64- आकाश पुत्र छविराम, आ.सो., लक्ष्मण पुत्र राजराम, आ.सो., भूरे पुत्र लटूरे, विनयमित (लम्बे समय से अनुपस्थित), वार्ड-65 मंगलिया पुत्र हल्केराम, विनयमित, मुकेश पुत्र मुन्नालाल, आकाश पुत्र बाबूलाल, आ.सो., बैजंती पुत्र मंगलीया, वार्ड-66 छोटू पुत्र रामनाथ, आ.सो., नेहा पुत्र अरविंद्व, हेमलता पुत्र नरेश, आ.सो., जापान पुत्र बद्रीप्रसाद, (विनयमित 3 माह से अनुपस्थित) आ.सो., उपरोक्तानुसार 16 सफाई संरक्षक अनुपस्थित पाये गये। जिनका 01 दिवस एवं उपरोक्त अनुपस्थिति दिवस का वेतन काटे जाने एवं कार्यवाही के निर्देश दिये गये, साथ ही समस्त सफाई संरक्षकों को ड्रेसकोड में समय पर आने की हिदायत दी गई एवं संबंधित डब्ल्यूएचओ, एसआई को क्षेत्रांतर्गत बीट व ब्लॉक एवं नाला सफाई कराये जाने के सख्त निर्देश दिये गये। सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की प्रति दिवस सफाई की जाये। गंदगी एवं कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना अधिरोपित कर कार्यवाही करें।

### किशनबाग में सडक बनाने में बाधक बन रहे निर्माण हटाए

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के सभी क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा विकास कार्यों में बाधक निर्माण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत आज बुधवार को वार्ड 1 में किशन बाग से ग्राम वरा तक लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत रोड निर्माण के लिए रोड निर्माण में लगभग 100 भवनों के 2 से 5 मीटर तक भाग रोड निर्माण में बाधक है।

# तड़के 5 बजे किसी का दरवाजा खटखटाया तो कहीं नल की टोटी बंद की



### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने डोर-टू-डोर जाकर आमजन के घर डोरबेल बजाकर

### पेयजल व्यवस्था की ली जानकारी

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर बुधवार की सुबह ट्रेन से ग्वालियर पहुँचे और सुबह 5 बजे ग्वालियर के वार्ड 33 के लक्ष्मण तलैया क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कई घरों का दरवाजा खटखटाया, तो कहीं नल से बह रहे पानी के अपव्यय को रोकने टोटी बंद की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में लोगों की समस्याएँ सुनी और अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए।

### हम न थकेंगे - न रुकेंगे

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि ÷हम न थकेंगे - न रुकेंगे। इसी प्रकार आम जन की समस्याओं का निराकरण करते रहेंगे। आमजन की समस्याओं का निराकरण कार्यालय में बैठकर नहीं किया जा सकता। उनकी समस्याओं को जानने के लिए उनके द्वार पर जाना पड़ता है, तभी हम उनकी समस्याओं का निराकरण सही तरीके से कर सकते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर आज सुबह 5 बजे भोपाल प्रवास से ग्वालियर पहुँच कर लक्ष्मण तलैया क्षेत्र की विभिन्न गलियों में पेयजल, बिजली, सीवर और क्षेत्र में नियमित होने वाली साफ-सफाई के बारे में डोर-टू-डोर लोगों से संवाद कर स्थिति जानी। क्षेत्र में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही गंदगी मिलने पर सम्बंधित अधिकारी को फटकार भी लगाई।



# उपनगर ग्वाएलियर में विकास की इबारत लिखी जा रही है : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 2,3,4,11 एवं 36 में 2 करोड 77 लाख की लागत की

### सीसी एवं डामरीकरण रोड का किया भूमि पूजन



ग्वाालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न् सिंह तोमर ने उपनगर ग्वाालियर में 2 करोड 77 लाख रूपए लागत के सीसी एवं डामरीकरण रोड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास की इबारत लिखी जा रही है। विकास की गति इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगी। आमजन को मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाना मेरी प्राथमिकता रहती है। उन्होंमने कहा कि पिछले तीन वर्षों में उपनगर ग्वादलियर में 137 करोड रूपये से अधिक लागत के रोड व नाले के कार्य किये जा चुके हैं। हम सब लोगों ने मिलकर ठाना है, ग्वा लियर शहर को बदलना है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रतिदिन विकास कार्यों का भूमि पूजन किया जा रहा है, साथ ही जहां भूमि पूजन हो जाता है वहां कार्य भी शुरू हो जाए यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके साथ ही कहा कि इन भूमि पूजन के बाद भी अगर कोई रोड या नाला छूट जाता है तो उसका कार्य भी शुरू कराया जाएगा। उन्होंमने कहा कि हर वार्ड में कार्य किया जा रहा है, विकास कार्यों के लिये रूपये की कमी नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर पर उन्होंपने कहा कि अस्पआतालों व स्कू लों की दशा बदली नजर आ रही है। आने वाले समय में भी जिला अस्पनताल में मिलने वाली सभी सुविधायें सिविल अस्पताल में भी आपको मिलेंगी। साथ ही उपनगर ग्वा लियर में 11 नई संजीवनी क्लीधनिक खुलने जा रही हैं, जहां आपको निशुल्के इलाज मिलेगा। इसके साथ ही पहले से 3 संजीवनी क्ली निक संचालित हैं। इसके साथ ही बहोडापुर पर 30 बिस्तररीय अस्प1ताल बन रहा है। गेंडे वाली सडक के उपस्वागस्य्ा केन्द्रइ का उनयन का कार्य किया जा रहा है।

साथ ही कहा कि स्कूपलों की दशा बदलने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, सभी शासकीय स्कू लों में फर्नीचर व बाउंड्रीवाल कराये जाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। साथ ही दो सीएम राइज स्कूमल बनाने के साथ ही एक शिक्षा नगर में स्मा र्ट स्कू ल बनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यफक्ष श्री प्रयाग तोमर, श्री बृजमोहन शर्मा, पूर्व पार्षद श्री जगतसिंह कौरव, श्रीमती मंजू दिगविजय राजपूत, श्री केशव मांझी, श्री चंदू सेन, श्री शशी शर्मा, श्री चंदन राय, श्री व्ही वल सेंगर, श्रीमती कल्पपना सिंह, श्री जगदीश राय सहित क्षेत्र के गणमान्या नागरिक उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा वार्ड 4 में 98 लाख 72 हजार रूपये की लागत से चंद्रनगर श्मशान रोड पर डामरीकरण कार्य, वार्ड 3 में 96 लाख रूपये की लागत से विनय नगर सेक्टर 2 एवं 4 में डामरीकरण रोड एवं 24 लाख 73 हजार रूपये की लागत से फोर्ट व्यू कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

# शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पर सतत रखें निगरानी

### संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में दिए निर्देश

ग्वालियर। पंचायत निर्वाचन एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन की सभी तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं। निर्वाचन के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बुधवार को संभागीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में निर्वाचन एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा बैठक में यह बात कही। संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पर सतत निगरानी रखी जाए। निर्वाचन की आचार संहिता लागू होने के पश्चात भी पेयजल वितरण व्यवस्था में कोई परेशानी नहीं आना चाहिए। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की सतत निगरानी की जाए। संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने अमृत सरोवरों (तालाबों) के निर्माण की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में स्वीकृत तालाबों के निर्माण का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो, यह सुनिश्चित किया जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि विभाग के सब इंजीनियरों को तालाबों के निर्माण की मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी जाए। सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा के दौरान संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक सोमवार को दोनों संभाग के प्रत्येक जिलों की सबसे पुरानी शिकायतों के निराकरण की पहल करें। शिकायत करने वाले व्यक्ति को भी व्यक्तिगत रूप से बुलाकर उनकी समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों को अधिकारी पूर्ण गंभीरता से लें। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने कहा कि समय रहते बा? नियंत्रण की सभी तैयारियाँ ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में सुनिश्चित कर ली जाए। बरसात के पूर्व जलाशयों में एकत्र जल की मात्रा एवं बरसात के दौरान आने वाले संभावित जल को देखते हुए जल संसाधन विभाग आवश्यक कार्रवाई करें। बैठक में अंकुर अभियान की भी समीक्षा की गई।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478